

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 16 सितंबर 2025 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-09 ■ वर्ष -41 ■ अंक-170 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 17 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये







## संक्षेप

### छत्तीसगढ़ को भारत सरकार से मिली 130 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि

**रायपुर,16 सितंबर।** वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को 130 करोड़ रूपए की अतिरिक्त राशि जारी की गयी है. इस तरह से पीएन जन आरोग्य योजना के लिए राज्य सरकार को अब तक 505 करोड़ रूपए की राशि प्राप्त हो चुकी है. इस राशि से राज्य के निजी अस्पताल के दावों का लगातार भुगतान किया जा रहा है. गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जानकारी दी थी कि राज्य में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पंजीकृत निजी अस्पतालों द्वारा आयुष्मान कार्डधारक मरीजों का उपचार लगातार किया जा रहा है. वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 1,600-1,700 दावे प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जिनकी राशि प्रतिदिन 4 करोड़ रुपये से अधिक है.

### सक्ती जिले में शराब पीने से 2 युवक की मौत

**सक्ती,16 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में शराब पीने से 2 युवक की जान चली गई। शराब पीने के बाद दोनों की तबीयत बिगड़ी थी। जिसके बाद परिजन उन्हें सारंगढ़ के एक अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। वही इस मामले को लेकर आज सबेरे 9 बजे बिर्रा चौक मे करहि गांव के ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर तत्काल गिरफ्तार करने की मांग को लेकर चक्का जाम किया है। जिससे हसौद से शिवरीनारायण भटगांव से चांपा-कोरबा आवागमन बंद है। बता दें ये वही करही गांव है जहां कुछ दिन पहले शराब पार्टी के बहाने बुलाकर, शराब पिलाकर युवा उप सरपंच को मौत के घाट उतार दिया गया था।

### आरपीएफ जवान की सड़क दुर्घटना में मौत

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही।** ड्यूटी खत्म कर मोटरसाइकिल से खोंगसरा से वापस पेंड्रारोड लौट रहे आरपीएफ के जवान की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई. आरपीएफ ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर मृत जवान के शव को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिला स्थित गृह ग्राम के लिए रवाना किया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा. जानकारी के अनुसार, 36 वर्षीय राम आसरे सरोज सोमवार को ड्यूटी खत्म करने के बाद मोटरसाइकिल से खोंगसरा से वापस पेंड्रारोड लौट रहे था, इसी दौरान रास्ते में स्वराज माजदा की ठोकर से सिर पर गंभीर चोट लगी. आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों ने जवान को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

### 60 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में राज कुंद्रा से पूछताछ

**मुंबई ,16 सितंबर ।** 60 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के एक मामले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जांच तेज कर दी है। इस मामले में राज कुंद्रा को पूछताछ के लिए तलब किया गया। मुंबई पुलिस की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ 60 करोड़ की कथित धोखाधड़ी के मामले में जांच जारी है।

## पीएम मोदी का छग दौरा,सीएम-विधानसभा अध्यक्ष ने ली बैठक

**रायपुर,16 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। विधानसभा के मुख्य समिति कक्ष में मंगलवार को उच्चस्तरीय बैठक शुरू हुई। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु



देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा मौजूद रहे। इस बैठक में मंत्री केदार कश्यप और ओपी चौधरी के साथ-साथ राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी और कई विभागों के सचिव भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री की यात्रा से जुड़े सुरक्षा प्रबंध, कार्यक्रमों का समय-निर्धारण और लोकार्पण आयोजनों पर विस्तार से चर्चा हुई। पीएम मोदी 31 अक्टूबर की शाम रायपुर पहुंचेंगे। वे राजधानी में नए विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे, जो छत्तीसगढ़ की राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियों का नया केंद्र बनने जा रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आदिवासी संस्कृति और विरासत को समर्पित "आदिवासी संग्रहालय" का भी लोकार्पण करेंगे। इसे प्रदेश के आदिवासी समाज की धरोहर को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी अपने दौरे में छत्तीसगढ़ को कई बड़ी विकास सौगातें भी देंगे। इनमें बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क परियोजनाओं से जुड़े कार्य शामिल होंगे। सरकार का दावा है कि इन परियोजनाओं से प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों में बड़ा बदलाव आएगा। बैठक में सुरक्षा, यातायात और प्रोटोकॉल व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश अफसरों को दिया गया है। इस बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान सुरक्षा, यातायात और प्रोटोकॉल व्यवस्था में किसी तरह की कमी न रहे। पीएम मोदी का यह दौरा बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि विधानसभा चुनाव से पहले इसे जनता तक सीधा संदेश पहुंचाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

## 6वीं छात्र ने ऑनलाइन गेम में 13 लाख हारने पर की खुदकुशी

**लखनऊ ,16 सितंबर।** लखनऊ के मोहनलालगंज इलाके में एक बीआईपीएस स्कूल में पढऩे वाले कक्षा 6 के छात्र यश कुमार ने ऑनलाइन गेम में भारी रकम हारने के बाद अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। यश के पिता सुरेश कुमार यादव पुताई का काम करते हैं। उन्होंने करीब 2 साल पहले जमीन बेचकर 13 लाख रुपये यूनियन बैंक की बिजनौर शाखा में जमा किए थे।

सोमवार को पासबुक अपडेट कराने पर जब खाते से 13 लाख रुपये कम होने की जानकारी मिली तो वे हैरान रह गए। जांच करने पर पता चला कि यह रकम ऑनलाइन गेम के जरिए खर्च हो गई थी। घर लौटकर सुरेश ने बेटे यश से इस बारे में पूछा। पहले तो यश ने बात टाल दी, लेकिन बाद में स्वीकार किया कि फ्री फायर गेम खेलते हुए सारे पैसे हार चुका है। इस पर भी पिता ने बेटे को डांटा नहीं बल्कि सिर्फ समझाया। वहीं ट्यूशन टीचर ने भी भरोसा दिलाया कि वे यश को समझा देंगे। लेकिन इसके कुछ ही समय बाद यश अपने कमरे में गया और पंखे से लटककर जान दे दी। परिजन यश को फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## रजनी ताई के निधन पर पीएम मोदी ने जताया दुख

**रायपुर।** रायपुर की पहली महिला विधायक रजनी ताई उपासने के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके बड़े बेटे जगदीश उपासने को पत्र लिखकर दुख जताया है. पत्र में उन्होंने मुश्किल समय में परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रजनी ताई के बड़े पुत्र जगदीश उपासने के नाम पत्र में लिखा कि आपकी माता रजनी ताई उपासने के निधन के बारे में जानकर गहरा दुःख हुआ. रजनी ताई उपासने का जीवन सेवा व संस्कार को समर्पित रहा. भारतीय जनसंघ के



समय से ही वह राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ जुड़ी रहीं और इन विचारों से जन-जन को जोड़ने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए रजनी ताई उपासने न केवल भूमिगत आंदोलनों में सक्रिय रहीं, बल्कि उन्हें जेल भी जाना पड़ा. रायपुर शहर की विधायक के रूप में क्षेत्र के विकास और महिलाओं की प्रगति के लिए उन्होंने प्रभावी कदम उठाये. उनके द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए किए गए कार्यों को याद किया जाएगा. उनका निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है. आज रजनी ताई उपासने हमारे बीच नहीं हैं, पर उनसे जुड़ी स्मृतियां और जीवन मूल्य परिवार के साथ बने रहेंगे. ईश्वर से प्रार्थना है कि वह इस कठिन समय में शोक संतप्त परिवार और शुभचिंतकों को यह दुःख सहन करने का धैर्य और संबल प्रदान करें.

## गंगरेल बांध में मछली-पक्षी संरक्षण की जनहित याचिका पर सुनवाई

**बिलासपुर,16 सितंबर।** गंगरेल बांध में मछली और पक्षियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए पेश जनहित याचिका पर हुई सुनवाई में राज्य शासन के मत्स्य विभाग ने जवाब पेश कर बताया कि 779 में से से 679 केज हटा दिए गए हैं. अब सिर्फ 100 केज हटाना बाकी है. इस मामले में चार सप्ताह बाद अगली सुनवाई होगी. धमतरी की वाइल्ड लाइफ वेलफेयर सोसायटी ने जनहित याचिका लगाई है, जिसमें आरोप लगाया है कि, गंगरेल जलाशय में बिना वैध अनुमति



के पिंजरों के जरिए बड़े पैमाने पर मछलियों का शिकार किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है. याचिकाकर्ता का कहना है कि, शासन ने छह माह पूर्व ही इस अवैध गतिविधि को रोकने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. मामले की सुनवाई के दौरान मत्स्य विभाग की ओर से प्रस्तुत शपथपत्र में बताया गया था कि जलाशय के लाभार्थियों ने जिला मजिस्ट्रेट-सह-कलेक्टर,धमतरी के समक्ष आवेदन देकर अपने पिंजरों को अन्यत्र स्थानांतरित करने की, जिला धमतरी ने 24 फरवरी 2025 को कार्यपालक अभियंता, जल प्रबंधन संभाग को पत्र लिखकर पिंजरों के स्थानांतरण के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करने का अनुरोध किया था. उन्होंने व्यक्तिगत रूप से भी इस संबंध में अभियंता से भेंट की, लेकिन कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिल सका.इसकी जानकारी निदेशक (मत्स्य पालन) को भेजी गई थी. शपथपत्र में कहा गया कि फुटाहामुड़ा क्षेत्र, जो एक आर्द्रभूमि है, उसमें कुल 774 पिंजरे लगाए गए हैं और अधिकांश किसानों ने इन्हें स्थानांतरित करने पर सहमति जता दी है, जैसे ही सिंचाई विभाग उपयुक्त स्थान चिन्हित करेगा, पिंजरों का स्थानांतरण कर दिया जाएगा.आज हुई सुनवाई में मत्स्य विभाग ने कोर्ट को बताया कि, ज्यादातर केज हटा दिए गए हैं, जहां मछलियों का शिकार किया जा रहा था.अब मात्र 100 केज ही बचे रह गए हैं.

### केंद्र दोहरी नीति अपनाना छोड़े : परगट सिंह

**चंडीगढ़ ,16 सितंबर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और विधायक पद्मश्री परगट सिंह ने नवंबर में आ रहे सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सिख जत्थे को पाकिस्तान जाने की मंजूरी नहीं देने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा अगर केंद्र सरकार पाकिस्तान और भारत के बीच क्रिकेट मैच को मंजूरी दे सकती है तो फिर सिख जत्थे को पाकिस्तान स्थित ननकाना साहिब दर्शन करने जाने से क्यों रोका जा रहा है। परगट सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट, कारोबार और फिल्मों पर अपनी सुविधा अनुसार रोक और छूट देना केंद्र के दोहरे मापदंड पर सवालिया निशाना लगाता है।

## जेल में बंद अधिकारियों को राहत नहीं

**बिलासपुर,16 सितंबर।** हाईकोर्ट में रीएजेंट घोटाले में संलिप्त अधिकारियों की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी गई. वही इस मामले में मुख्य सूत्रधार और मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा की नियमित जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से आठ सितंबर को खारिज हो चुकी है. सुनवाई में सीजी एमएससी के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर अनिल परसाई और असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर बसंत कौशिक की जमानत याचिका खारिज की गई.मोक्षित कार्पोरेशन द्वारा किए गए रीएजेंट घोटाले में संचालक शशांक चोपड़ा सहित 6 आरोपी जेल में है. रीएजेंट घोटाले की ईडी के अलावा एसीबी और ईओडब्ल्यू भी जांच कर रही है. यह पूरा घोटाला 400 करोड़ रुपए का माना गया है. इसमें गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विवेचना पूरी कर चालान पेश हो चुका है. जबकि अन्य आरोपियों के खिलाफ विवेचना जारी है. गिरफ्तारी के बाद नियमित जमानत के लिए मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा सहित सीजीएमएससी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने याचिका लगाई थी. मोक्षित कारपोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा की नियमित जमानत याचिका हाईकोर्ट से खारिज होने के बाद उसने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई थी. वहीं सीजीएमएसी के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर अनिल परसाई और असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर बसंत कौशिक ने हाईकोर्ट में नियमित जमानत याचिका दाखिल की थी. जमानत याचिका पर हुई पिछली सुनवाई में उनके अधिवक्ताओं ने अदालत से निवेदन किया था कि मुख्य आरोपी शशांक चोपड़ा की जमानत की याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है. उसकी जमानत याचिका की सुनवाई आठ सितंबर को होगी. आठ सितंबर को जमानत याचिका की सुनवाई के बाद यहां सुनवाई की जाए. आठ सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में मोक्षित कारपोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा की नियमित जमानत याचिका खारिज हो गई. हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की सिंगल बेंच में छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर अनिल परसाई और असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर वसंत कौशिक की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने बताया कि ईओडब्लू की जांच में और सत्यापन में पाया गया कि मार्केट में डेढ़ रुपए से लेकर साढ़े आठ रुपए तक मिलने वाला ईडीटीए ट्यूब 352 रुपए प्रति ट्यूब के हिसाब से खरीदा गया है. एफआईआर में इसका जिक्र है. जबकि एफआईआर के बाद हुई विवेचना में 2352 रुपए में ट्यूब खरीदने के बात कही गई है. दोनों बातों में परस्पर विरोधाभास है और इस हिसाब से चार सौ करोड़ रुपए से ज्यादा का यह घोटाला है. इसके अलावा डॉक्टर अनिल परसाई को विभाग द्वारा जारी वर्किंग डिस्ट्रीब्यूशन के अनुसार उन्हें केवल आहरण एवं संवितरण का अधिकार दिया गया था ना कि खरीदी का. यह काम सीजीएमएमएससी के संचालक के पद पर बैठे अधिकारी करते थे उन्हें कुछ नहीं किया. जबकि उनके द्वारा बिना बजट की व्यवस्था और अनुमान के इस तरह का कार्य किया गया. डॉ अनिल परसाई के क्षेत्राधिकार में ना तो खरीदी का अधिकार था ना खरीदी के स्वीकृति देने का और ना ही भुगतान का.

## देहरादून में बादल फटा, मंदिर, दुकानों-घरों में मलबा घुसा

### टोंस नदी में ट्रैक्टर बहने से 8 लोगों के मरने की खबर: मंडी में 3 की मौत

**शिमला, देहरादून,16 सितंबर।** उत्तराखंड के देहरादून में मंगलवार सुबह 5 बजे बादल फटा। इससे तमसा, कारलीगाड़, टोंस और सहस्त्रधारा नदी में जलस्तर बढ़ गया। सहस्त्रधारा समेत आसपास के इलाके तपोवन, आईटी पार्क, घंगौरा, घड़ी कैंट इलाकों में पानी भर गया। कई सड़कें बह गईं। तमसा नदी के किनारे बने टपकेश्वर महादेव मंदरि में पानी भर गया। यहां मौजूद दुकानें बह गईं। 2 लोग लापता हैं। सहस्त्रधारा में 5 लोगों को बचाया गया। विकास नगर में टोंस नदी में पानी का बहाव अचानक तेज हो गया। इस दौरान मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी में बह गई। इसमें 8 लोगों की मौत और 4 के लापता होने की खबर है। उधर, हिमाचल के मंडी के धर्मपुर बस स्टैंड में भी रात में



हुई बारिश के बाद मलबा भर गया। बाढ़ में कई बसें दूर तक बह गईं। राज्य में 3 नेशनल हाईवे बंद हैं। 493 सड़कों पर आवाजाही ठप है। मंडी के ही निहरी में लैंडस्लाइड के कारण 3 की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, पास की एक चट्टान का मलबा एक घर पर गिर गया, जिससे वह ढह गया। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग मलबे में दब गए।

## मोदी सरकार का नशामुक्त भारत का संकल्प: अमित शाह

**नई दिल्ली,16 सितंबर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की कि मोदी सरकार 2047 तक भारत को नशा मुक्त बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है, जिसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को सुरक्षित कर एक विकसित राष्ट्र का निर्माण करना है। उन्होंने एंट्री पॉइंट से लेकर स्थानीय स्तर तक सक्रिय सभी तीन प्रकार के ड्रग कार्टेल पर कड़ा



प्रहार करने तथा विदेशों से संचालित तस्करों के प्रत्यर्पण व निर्वासन को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। यह समग्र रणनीति देश को नशीली दवाओं के खतरे से मुक्त करने के लिए बनाई गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार देश से सभी प्रकार के नशीले पदार्थों का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मादक द्रव्य निरोधक कार्यबल (एएनटीएफ) के प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि नशीली दवाओं के खतरे के खिलाफ कार्रवाई के पैमाने में बदलाव किया जाए ताकि आने वाले दिनों में और अधिक सफलताएँ मिलें। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने 2047 में एक महान भारत के निर्माण की संकल्पना प्रस्तुत की। एक ऐसा भारत जो पूर्णतः विकसित होगा। अगर हमें ऐसा भारत बनाना है, तो अपनी युवा पीढ़ी को नशे से बचाना बेहद ज़रूरी है। क्योंकि किसी भी महान राष्ट्र की संकल्पना, उसकी नींव उस देश की युवा पीढ़ी होती है। अगर हमारी आने वाली पीढ़ियाँ खोखली हो जाएँगी, तो देश भटक जाएगा... दुर्भाग्य से, वे दोनों क्षेत्र जहाँ से दुनिया भर में नशे की आपूर्ति होती है, हमारे नज़दीक ही हैं... इसलिए यही समय है कि हम इसके खिलाफ मजबूती से लड़ें। शाह ने कहा कि तीन तरह के कार्टेल होते हैं, एक वो कार्टेल जो देश के सभी एंट्री पॉइंट्स पर काम करता है, दूसरा वो कार्टेल जो एंट्री पॉइंट से राज्य तक डिस्ट्रीब्यूशन का कार्टेल है और तीसरा वो कार्टेल जो राज्यों में पान की दुकान या गली के नुक्कड़ पर ड्रग्स बेचने तक काम करता है। इन तीनों तरह के कार्टेल्स पर कड़ा प्रहार करने का समय आ गया है। मेरा मानना है कि ऐसा तभी हो सकता है जब यहां बैठे लोग तय कर लें कि ये लड़ाई हमारी लड़ाई है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर जैश कमांडर का बड़ा कबूलनामा

**नई दिल्ली,16 सितंबर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए किए गए ऑपरेशन सिंदूर में कुख्यात आतंकी मसूद अजहर के परिवार के चिथड़े उड़ गए हैं। यह कबूलनामा जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर ने की है। इस सैन्य कार्रवाई के महीनों बाद जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने यह स्वीकार किया है कि बहावलपुर में भारत द्वारा किए गए हमलों में आतंकी समूह के शीर्ष कमांडर मसूद अजहर के परिवार के 'टुकड़े-टुकड़े' हो गए थे। इंटरनेट पर वायरल एक वीडियो में, जैश कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी को यह बताते हुए सुना जा सकता है कि कैसे भारतीय सशस्त्र बलों ने उनके ठिकानों में घुसकर उन पर हमले किए। वीडियो में इलियास कश्मीरी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि 7 मई को बहावलपुर के आतंकी अड्डे पर जब भारत ने हमला किया तो आतंकी मसूद अजहर का परिवार टुकड़ों-टुकड़ों में तक्सीम हो गया, रेजा-रेजा हो गया। वायरल वीडियो में कश्मीरी ने उर्दू में कहा,



"आतंकवाद को गले लगाते हुए, हमने इस देश की सीमाओं की रक्षा के लिए दिल्ली, काबुल और कंधार से लड़ाई लड़ी। सब कुछ बलिदान करने के बाद, 7 मई को मौलाना मसूद अजहर के परिवार को बहावलपुर में भारतीय सुरक्षा बलों ने खत्म कर दिया।" कश्मीरी जिस मंच से यह कबूल कर रहा था और लोगों को संबोधित कर रहा था, उस मंच पर उसके पीछे कई बंदूकधारी सुरक्षाकर्मी उसे घेरे हुए थे। बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी। इस घटना के कुछ हफ़्तों बाद, भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत, पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मदऔर लश्कर-ए-तैयबा के कुल नौ ठिकानों पर रातोंरात हमले कर उसे ध्वस्त कर दिया था। उसी में बहावलपुर स्थित जैश -ए मोहम्मद का ठिकाना भी शामिल था। पाकिस्तान ने बाद में स्वीकार किया था कि हमलों में बहावलपुर, कोटली और मुरीदके के नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया था। ये सभी आतंकी ठिकानों के केंद्र रहे हैं।

एक नजर

### फरार सट्टा खेलाने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 16 सितम्बर।** भिलाई मोबाइल पर वाट्सऐप के माध्यम से सट्टा खेलाने वाले फरार पांचवें आरोपी को वैशाली नगर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से 1 मोबाइल, 95 हजार रुपए नगद एवं चेक तथा सट्टा के पैसो का लेन देन का स्क्रीन शॉट बरामद किया गया है वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि मुखबीर की सूचना मिली की रामनगर मुक्तिधाम शासकीय स्कूल के पास कुछ लोग कल्याण, राजधानी नाम सट्टा गेम में अंकों पर पैसे रुपए का दाव लगाकर सट्टा खेल एवं खिला रहे है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था इस मामले में एक आरोपी फरार था उसे वैशाली नगर थाने पुलिस ने उसके घर रूआबांधा बस्ती में दबिश देकर आरोपी धनसिंह देवांगन को गिरफ्तार किया। भिलाई मोबाइल पर वाट्सऐप के माध्यम से सट्टा खिलाने वाले फरार पांचवें आरोपी को वैशाली नगर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से 1 मोबाइल, 95 हजार रुपए नगद एवं चेक तथा सट्टा के पैसो का लेन देन का स्क्रीन शॉट बरामद किया गया है वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि मुखबीर की सूचना मिली की रामनगर मुक्तिधाम शासकीय स्कूल के पास कुछ लोग कल्याण, राजधानी नाम सट्टा गेम में अंकों पर पैसे रुपए का दाव लगाकर सट्टा खेल एवं खिला रहे है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था इस मामले में एक आरोपी फरार था उसे वैशाली नगर थाने पुलिस ने उसके घर रूआबांधा बस्ती में दबिश देकर आरोपी धनसिंह देवांगन को गिरफ्तार किया।

### बाइक चोर गिरफ्तार

**भिलाई, 16 सितम्बर।** सीसीटीवी फुटेज की मदद से जामुल पुलिस ने एक मोटर साइकिल चोर को गिरफ्तार किया है आरोपी ने जामुल के अलावा स्मृतिनगर क्षेत्र से भी एक मोटर साइकिल चोरी करना स्वीकार किया है जामुल थाने पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोटर साइकिल जब्त किया है जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि ने बताया कि आकाश वर्मा निवासी शंकर नगर छावनी जामुल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 12 सितंबर की रात अपनी मोटर साइकिल हीरो होण्डा पैशन प्रो क्रमांक सीजी 07 एएफ 4493 को जामुल बोगदा पुलिया एसीसी सीमेंट गेट के पास से अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जामुल में धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की विवेचना के दौरान घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगाला गया। संदेही ऋषि कुमार कुर्रे (37 साल) निवासी संतोषी चौक जामुल को घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी से पूछताछ करने पर मोटर साइकिल को चोरी करना स्वीकार किया ।

### युक्तियुक्तकरण के तहत् पदभार ग्रहण नहीं करने पर संबंधित शिक्षकों का रोका गया वेतन

**दुर्ग, 16 सितम्बर ।** युक्तियुक्तकरण के तहत् पदभार ग्रहण नहीं करने पर संबंधित शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है और अकार्य दिवस के संबंध में पत्र भी जारी किया गया है। दुर्ग-भिलाई एडिशन में 15 सितंबर 2025 को प्रकाशित समाचार ''युक्तियुक्तकरण सुनवाई के बहाने 250 शिक्षक चार महीने से घरों में'' के परिपेक्ष्य में जिला शिक्षा विभाग द्वारा जिले में युक्तियुक्तकरण की स्थिति की जानकारी दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविन्द कुमार मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में युक्ति युक्तिकरण और काउंसलिंग के बाद, कुल 631 अतिरिक्त शिक्षकों की पहचान की गई थी। जिनमें 86 व्याख्याता, 01 प्र.पा.पू.मा.शाला, 329 शिक्षक, 06 प्र.पा.प्राथ.शाला एवं 209 सहायक शिक्षक शामिल है। कुल 366 शिक्षक काउंसलिंग उपरांत जिले में पदांकित किए जा चुके है। जिनमें 75 व्याख्याता, 01 प्र.पा.पू.मा.शाला, 75 शिक्षक, 06 प्र.पा.प्राथ.शाला एवं 209 सहायक शिक्षक शामिल है। जबकि 17 शिक्षकों ने पदभार ग्रहण नहीं किया। जिनमें 02 व्याख्याता, 06 शिक्षक, 02 प्र.पा.प्राथ.शाला एवं 07 सहायक शिक्षक शामिल है। पदभार ग्रहण नहीं करने पर संबंधित शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है और अकार्य दिवस के संबंध में पत्र भी जारी किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार व्याख्याता के 11 पद एवं शिक्षक पू.मा.शाला के 254 पद जिले में रिक्त नहीं होने के कारण उच्च कार्यालय को प्रेषित किया गया है। उक्त अतिशेष शिक्षकों को काउंसलिंग उपरांत दुर्ग संभाग के अन्य जिलों के शालाओ में पदांकित किया गया है।

### रजत जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय रोजगार मेले का सफल आयोजन

**दुर्ग, 16 सितम्बर ।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग रजत जयंती महोत्सव मना रहा है। इसी क्रम में महाविद्यालय के कैरियर एवं प्लेसमेंट सेल एवं जिला रोजगार कार्यालय, दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में विगत दिवस महाविद्यालय के रवीन्द्रनाथ टैगोर सभागार में ''वृहद रोजगार मेला 2025'' का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग तथा विधि एवं विधायी कार्यमंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने किया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से इवेंट मैनेजमेंट को पाठ्यक्रम में शामिल करने का प्रस्ताव शासन से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना

# शासकीय स्कूल की छात्राओं सांसद ने सौंपी साइकिल की चाबी

**भिलाई, 16 सितम्बर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैम्प-1 में सोमवार को मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत नवमी कक्षा की 30 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने छात्राओं को साइकिल की चाबियां सौंपीं। इस अवसर पर उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि साइकिल से बच्चियों का समय बचेगा और वे पढ़ाई में और बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य हेमंत कुमार उपाध्याय ने स्कूल की प्रगति व समस्याओं की जानकारी दी और निर्माण



प्रयोगशाला के लिए अतिरिक्त भवन की मांग रखी। सांसद विजय बघेल ने आश्वस्त किया कि वे घोषणाओं में नहीं, बल्कि कार्य में विश्वास रखते हैं और स्कूल में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में पार्षद सत्या देवी जयसवाल, प्रभुनाथ मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम उपकार तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा, जालंधर सिंह, कैंप मंडल अध्यक्ष तरुण सिंह, रमेश चौधरी, धर्मेंद्र पाण्डेय, नवीन सिंह, भागचंद जैन, राजकुमार जायसवाल, प्रकाश सांवत सहित स्कूल स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## यातायात पुलिस ने एक दिन में 450 वाहन चालकों पर जुर्माना किया

**भिलाई, 16 सितम्बर।** यातायात पुलिस ने ऑपरेशन सुरक्षा के अंतर्गत विशेष अभियान चलाकर एक ही दिन में करीब 450 वाहन चालकों पर कार्रवाई की और लगभग 1.50 लाख रुपये जुर्माना वसूला। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) ऋचा मिश्रा ने बताया कि जिलेभर में चलाए गए सघन चेकिंग अभियान के दौरान सबसे अधिक बिना हेलमेट वाहन संचालन पर कार्रवाई हुई। कुल 200 मामलों में बिना हेलमेट, 25 मामलों में ट्रिपल सीटर, 20 मामलों में बिना लाइसेंस, 22 मामलों में नो पार्किंग, 25 मामलों में रैश ड्राइविंग, 15 मामलों में मॉडिफाइड साइलेंसर तथा 5 मामलों में ड्रिंक एंड ड्राइव शामिल रहे। बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल चालानी कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराना और उनके जीवन की रक्षा करना है।

# आयुक्त ने गौठान में सुविधाओं की जानकारी ली



**भिलाई, 16 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने जोन क्रमांक-1 क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाइप लाइन, पार्किंग स्थल, निर्माणाधीन नाला और गौठान का जायजा लिया। आयुक्त ने फरीद नगर निजामी चौक में डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन को सुधारने और सड़क पर कबाड़ रखने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। फरीद नगर और लक्ष्मी नगर में नई पाइपलाइन बिछाने के कार्य का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तक डिवाइडरों पर लगे राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक बैनर/पोस्टर को तुरंत हटाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि ऐसे बैनर न केवल सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ाते हैं बल्कि शहर की सुंदरता को भी नुकसान पहुंचाते हैं। महापौर परिषद की बैठक में पहले ही यह निर्णय लिया जा चुका है कि जन्मदिन या किसी भी अवसर पर होर्डिंग, बैनर और पोस्टर का उपयोग नहीं होगा। निगम अब इस पर अभियान चलाएगा और उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा आयुक्त ने लक्ष्मी नगर में रोड किनारे बन रहे पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए। चंद्रा-मौर्या टॉकीज चौक से संजय नगर तालाब तक निर्माणाधीन नाले की गुणवत्ता और समय-सीमा पर विशेष ध्यान देने हेतु उप अभियंता को निर्देशित किया। कोसा नगर स्थित गौठान में पशुओं की देखभाल, भोजन-पानी और चिकित्सा व्यवस्था का भी जायजा लिया और गौठान के समतलीकरण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, उप अभियंता बसंत देवांगन, चंदन निर्मल, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना और स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी उपस्थित रहे।

# निगम ने गंदगी फैलाने वालों पर की चालानी कार्रवाई

**भिलाई, 16 सितम्बर।** शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के साथ सफाई कर्मियों की टीम, ई-रिक्शा, ऑटो-टिप्पर और दवा छिड़काव वाहन नियमित रूप से वार्डों में काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वार्ड क्रमांक 07 (राधिका नगर) और वार्ड क्रमांक 08 (कृष्णा नगर) में दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान गंदगी फैलाने, गीला-सूखा कचरा अलग न करने, सिंगल-यूज प्लास्टिक रखने और लाइसेंस नहीं रखने वाले प्रतिष्ठानों पर जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई में सजल अग्रवाल होटल, पहलजनीस हॉस्पिटल, अपोलो फार्मेसी, चिंटू फल सेंटर, चीर सागर डेयरी, सुरेश फल सेंटर, हिना फल सेंटर, सुनीता जनरल स्टोर, सिंग हिंद्र फेब्रिकेशन, शारदा डेयरी, ब्यूटी पार्लर, वंदना जनरल और मां शारदा साड़ी सेंटर से चालान शुल्क वसूले गए। इस तरह कुल 13,600 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। इसी क्रम में सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला द्वारा जारी नोटिस के आधार पर सहेली अलंकरण से 55,680 रुपए का चालान काटा गया।



### निगम की दुकानों की नीलामी स्थगित

**भिलाई-03।** नगर निगम भिलाई-चरौदा क्षेत्रांतर्गत मुख्यमंत्री पालिका बाजार (शॉपिंग कॉम्प्लेक्स) की दुकानों की आम नीलामी, जो पूर्व निर्धारित 16 से 19 सितंबर तक होनी थी, अब स्थगित कर दी गई है। निगम प्रबंधन ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से नीलामी की नई तारीखें तय की गई हैं। अब आम नीलामी क्रमशः 25, 26 एवं 30 सितंबर 2025 को आयोजित होगी।

# हिंदी दिवस पर आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों ने समां बांधा

**भिलाई, 16 सितम्बर।** राजभाषा हिंदी दिवस पर मुक्तकंठ साहित्य समिति के तत्वावधान में परिचर्चा गोष्ठी एवं सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शंकराचार्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा रहीं, जबकि अध्यक्षता समिति अध्यक्ष व लब्धप्रतिष्ठित कवि साहित्यकार गोविंद पाल ने की। विशिष्ट अतिथियों में कवि व साहित्यकार तथा पुलिस अधीक्षक (सीआईडी) नरेंद्र कुमार सिक्केवाल, सुप्रसिद्ध कथाकार व पत्रकार शिवनाथ शुक्ल तथा विजिटिंग प्रोफेसर डॉ. सुचित्रा शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति उपाध्यक्ष शीशलता शालू ने किया।



इस अवसर पर अतिथियों का शाल-श्रीफल व पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना झा और विशिष्ट अतिथि शिवनाथ शुक्ल को राजभाषा दिवस सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही लेखिका नेहा वार्ष्णेय की पुस्तक डिकोडिंग गीता विदिन यू का विमोचन भी अतिथियों के हाथों संपन्न हुआ। आकाशवाणी की उद्घोषिका पुनम ठाकुर की विशेष उपस्थिति रही, जिन्हें भी समिति की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संजय दानी, दुलाल समाद्दार, संतोष जाटव, शंकर भट्टाचार्य, जाविद हसन, वासुदेव भट्टाचार्य, इस्माइल आज़ाद, डॉ. शीतल चंद्र शर्मा, मंजुलता शर्मा, जलज ताम्रकार, प्रिया गुप्ता, डॉ. एन.के. देवांगन, शिवमंगल सिंह, रियाज़ गौहर खान, डॉ नौशाद सिद्दीकी, संध्या जैन, राजेंद्र कुमार, फरीदा शाहीन, आकांक्षा तिवारी, विपुल सेन, समीर त्रिपाठी, मनोज शुक्ला, यशवंत यश सूर्यवंशी, जीवन चंद्र हालदार, संत ओंकार दास, मोहम्मद हुसैन, गंगाराम चौबे, यशोदा जायसवाल, सत्यवती शुक्ला, डॉ. अमर शर्मा, अर्जुन मंडल समेत अनेक कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया और श्रोताओं को रसविभोर कर दिया। अंत में विटेश्वर नाथ ने सभी अतिथियों, कवियों और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

## अंकिता देशमुख को मिली पीएचडी की उपाधि

**भिलाई, 16 सितम्बर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने अंकिता देशमुख को वाणिज्य संकाय के अंतर्गत पी-एच.डी. की उपाधि प्रदान की है। अंकिता ने अपना शोध कार्य महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज रायपुर की प्राध्यापिका डॉ. प्राची सिंह के निर्देशन में पूरा किया।



शोध के दौरान उन्होंने दुर्ग संभाग के बालोद, बेमेतरा, दुर्ग, राजनांदगांव एवं कवर्धा जिले की महिला समूहों एवं संगठनों से जुड़ी महिलाओं से संपर्क कर विस्तृत जानकारी एकत्र की। बाह्य परीक्षक के रूप में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन (मध्य प्रदेश) के डीन ऑफ कॉमर्स डॉ. शैलेन्द्र कुमार भरल रहे। वर्तमान में अंकिता देवकर में कॉमर्स लेक्चरर के रूप में कार्यरत हैं। वे पत्रकार सहदेव देशमुख और लेक्चरर डॉ. सत्यभामा देशमुख की पुत्री हैं।

# रूआबांधा मार्केट से निगम ने हटाया अतिक्रमण



**रिसाली।** निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर तोड़ू दस्ते ने रूआबांधा सब्जी मार्केट में किए गए अतिक्रमण को हटाया। तोड़-फोड़ विभाग प्रभारी अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने रातभर में ईंट से खड़ी की गई लगभग 10 फीट ऊंची दीवार को ढहा दिया। दरअसल, सोमवार सुबह वार्ड भ्रमण के दौरान आयुक्त वर्मा रूआबांधा मार्केट पहुंचीं, जहां नवरात्र की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान पंडाल के सामने कुछ मजदूर ईंट जुड़ाई करते दिखे। निगम अमले को देखते ही मजदूर काम छोड़कर भाग खड़े हुए। जांच में पता चला कि खाली पड़ी जमीन पर अवैध निर्माण किया जा रहा था। आयुक्त ने तत्काल मौके पर ही तोड़-फोड़ विभाग को बुलाकर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। आयुक्त वर्मा ने मुख्य बाजार और सड़क किनारे दुकान लगाने वाले व्यापारियों को आगाह किया कि वे सड़कों पर सामान न रखें। चेतावनी के बाद भी सड़क पर सामान पाए जाने पर निगम अमला उसे जब्त करेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि खाली जमीन पर अतिक्रमण न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# लोक निर्माण विभाग में सादगी से मनाया गया अभियंता दिवस



**कवर्धा।** लोक निर्माण विभाग में कार्यपालन अभियंता रणजीत अशोक घाटगे जी उपस्थिति में अभियंता दिवस बहुत ही सादगी से मनाया गया। कार्यपालन अभियंता एवं उपस्थित समस्त इंजिनियर ने भारत रत्न से सम्मानित इंजिनियर एम विश्वेश्वरैया के तैलचित्र पर फूल की माला पहनाकर एवं नारियल फल फूल चढ़ाकर पूजा कर अभियंता दिवस मनाया। पूजा के उपरांत इंजिनियर एम विश्वेश्वरैया के विचारो को याद करते हुए कार्यपालन अभियंता ने कहा की उनके विचारों से गुणवत्ता युक्त अच्छी कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी ए. एस. नाथ जी ने कहा कि एम विश्वेश्वरैया भारत के महान अभियन्ता एवं राजनयिक थे। उन्हें सन 1955 में भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से विभूषित किया गया था। भारत में उनका जन्मदिन अभियन्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है।उक्त कार्यक्रम में उप अभियंता एल आर छतरे , उप अभियंता कु. अल्का डड़सेना, अनुविभागीय लिपिक ओंकारधर शर्मा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# चाकू सप्लाई करने वाला गंडई से गिरफ्तार

**भिलाई, 16 सितम्बर।** उतई पुलिस ने चाकू और अन्य धारदार हथियार सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक 11 सितम्बर को उमरपोटी में आरोपी राजा उर्फ राहुल पवार से तीन चाकू, एक गुप्ती और एक स्टीक बरामद कर आर्म्स एक्ट सहित कई धाराओं के तहत कार्रवाई की गई थी। पूछताछ में उसने बताया कि हथियार उसे उसके दोस्त मोहम्मद सरफराज (निवासी ग्राम नमर्दा, थाना गंडई) ने उपलब्ध कराए थे। पुलिस ने तलाश कर आरोपी मोहम्मद सरफराज पिता मोहम्मद हुसैन, उम्र 25 वर्ष को ग्राम नमर्दा से अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह अजमेर (राजस्थान) से चाकू और गुप्ती



खरीदकर लाता था और उन्हें बेचता था। उसने बताया कि वर्ष 2024 में अजमेर शरीफ दरगाह एवं पुष्कर ब्रह्मा मंदिर दर्शन के दौरान दो गुप्ती खरीदी थी, जिन्हें क्रमशः अपने दोस्तों को दिया। वर्ष 2025 के मार्च माह में दोबारा अजमेर जाकर उसने दो बटन चाकू, दो सामान्य चाकू, एक गुप्ती और एक स्टीक खरीदी और उनमें से कुछ राजा पवार को 3,000 रुपये में बेच दिए। इसके अलावा अगस्त 2025 में दुर्ग में सावन सोमवार की पालकी में डीजे कार्यक्रम के दौरान उसने एक बटन चाकू भी बेचा था।

आरोपी मोहम्मद सरफराज को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय दुर्ग में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# कुएं के निर्माण से रामनारायण के खेतों में लहलहाई हरियाली

**रायपुर 16 सितम्बर ।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ करने में लगातार नई मिसालें गढ़ रही है। इसी कड़ी में जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत दहिदा में कुआं निर्माण कार्य ने किसान श्री रामनारायण के जीवन को नई दिशा दी है।

पूर्व में श्री रामनारायण पानी की समस्या से अत्यंत परेशान थे। खेतों में सिंचाई की सुविधा न होने से फसलें सूख जाती थीं और परिवार को पीने व घरेलू उपयोग के लिए भी पानी दूर-दराज से लाना पड़ता था। खेती करना उनके लिए लगभग असंभव हो गया था। ऐसी कठिन परिस्थिति में मनरेगा योजना उनके लिए संजीवनी साबित हुई।ग्राम सभा एवं रोजगार सहायक से जानकारी प्राप्त कर श्री रामनारायण ने कुआं निर्माण का प्रस्ताव रखा, जिसे ग्राम सभा द्वारा स्वीकृत कर वर्ष 2023-24 में 2.52 लाख रुपये की लागत से मंजूरी दी गई। इस कार्य से 354 मानव दिवस का सृजन हुआ। प्रारंभिक कठिनाइयों–कठोर मिट्टी एवं गहराई में चट्टानों जैसी बाधाओं–के बावजूद पंचायत, तकनीकी दल एवं मजदूरों के सामूहिक प्रयास से कुआं निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा हुआ।आज कुआं बनने से श्री रामनारायण के खेतों में हरियाली लौट आई है। सिंचाई की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध होने से फसलें लहलहाने लगी हैं, पशुओं के लिए पानी की स्थायी व्यवस्था हो गई है तथा परिवार की आय में वृद्धि हुई है। इससे उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है। श्री रामनारायण का कहना है कि ÷पहले खेती करना कठिन हो गया था, परंतु कुआं निर्माण से अब न केवल खेतों में पानी की सुविधा उपलब्ध है,

# सौर ऊर्जा क्रांति बिजली बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण का जन आंदोलन

**कबीरधाम, 16 सितंबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना कबीरधाम जिले में सौर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की नई राह प्रशस्त कर रही है। कबीरधााम जिले के 11 परिवारों ने अपने घरों की छतों पर सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित कर यह संदेश दिया है कि यह योजना केवल बिजली बिल की बचत का साधन नहीं, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक जनआंदोलन है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में योजना का क्रियान्वयन तीव्र गति से हो रहा है। अब तक जिले में 94 से अधिक हितग्राही वेंडरों का चयन कर चुके हैं तथा कई लाभार्थियों को सब्सिडी राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। आने वाले महीनों में हजारों परिवार इस योजना से जुड़ने



की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

कबीरधाम जिले के 11 परिवारों ने योजना का लाभ उठाते हुए अपने घरों की छतों पर 1 से 3 किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल स्थापित किए हैं। इनमें योगेन्द्र सिंह कश्यप (राजमहल चौक, कवर्धा), नरेश कुमार चंद्रवंशी एवं रितेश कुमार चंद्रवंशी (दौजरी), सतीश कुमार धवलकर (मठपारा वार्ड-3), श्रीमती लीना तिवारी (मठपारा वार्ड-12), रोशन राम (नागर जवादन रोड), कुमारी देवी सोम (श्याम नगर), ओंकार साहू (रामनगर), श्रीमती सरोज बाई ठाकुर और श्रीमती माधुरी (कालिका नगर) शामिल हैं। इन सोलर पैनलों से प्रतिमाह लगभग 300 यूनिट मुफ्त बिजली का उत्पादन हो रहा है। अतिरिक्त बिजली को सीएसपीडीसीएल ग्रिड में भेजकर ये परिवार आगामी बिलों में क्रेडिट का लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं।l योगेन्द्र सिंह कश्यप ने बताया कि पहले हर माह बिजली बिल की चिंता रहती थी, अब सोलर पैनल लगने से यह समस्या समाप्त हो गई है। नरेश कुमार चंद्रवंशी, ग्राम दौजरी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से आत्मनिर्भरता का अनुभव हो रहा है। ÷अब हम केवल उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि ऊर्जा उत्पादक भी बन गए हैं।÷ श्रीमती लीना तिवारी ने बताया कि सोलर से घर की जरूरतें पूरी हो रही हैं और अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजने से आगामी बिलों में भी लाभ मिल रहा है। सतीश कुमार धवलकर ने कहा कि सूर्यघर योजना से घर रोशन हो गया है और खर्च में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने जिले के प्रत्येक परिवार से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।कबीरधाम जिले के अधीक्षण अभियंता श्री रंजीत घोष ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को 1 से 3 किलोवाट क्षमता वाले सोलर सिस्टम लगाने पर 45 हजार रुपए से लेकर 1 लाख 8 हजार रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना के लिए प्राप्त प्रत्येक आवेदन को शामिल कर लाभान्वित किया जाएगा। यह योजना न केवल बिजली बिलों में बचत और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त कर रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए एक ऊर्जा क्रांति का आधार भी बन रही है।

एक नजर

## संत साईं मसन्द 17 को बिलासपुर में संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे



**रायपुर, 16 सितंबर।** देश के पूज्यपाद शंकराचार्यों के नेतृत्व में गठित अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू संगठन परम धर्म संसद 1008 के संगठन मंत्री, सिंधी समाज के प्रख्यात संत साईं जलकुमार मसन्द साहिब 16 व 17 सितम्बर को बिलासपुर के दो-दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। वे आज 16 सितम्बर को सायं 7 बजे बिलासपुर में आयोजित मांढर वाली माता के जन्मोत्सव में भाग लेंगे तथा कल 17 सितम्बर को सायं 7बजे मोटूमल धर्मशाला गोलबाजार में बिलासपुर की पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत, मुहल्ला सिंधी पंचायतों, विभिन्न समाजसेवी एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारीयों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित करेंगे। साईं मसन्द साहिब इस अवसर पर सिंधी समाज के संतों एवं सामाजिक नेताओं को देश, धर्म व जगत के कल्याण के साथ-साथ अपने सिंधी समाज के वर्तमान एवं भविष्य को सुखद व सुरक्षित बनाने हेतु ज्योतिर्मठ बद्रीनाथ के पूज्यपाद जगतगुरू शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज से जुड़ने के औचित्य पर प्रकाश डालेंगे। उन्होंने बताया कि ढाई हज़ार वर्ष पूर्व आदिशंकराचार्य महाराज ने उनके द्वारा स्थापित चारों पीठों के दायित्व विभाजन में सिंध प्रांत का दायित्व ज्योतिर्मठ के अंतर्गत निर्धारित किया हुआ है।

## अवैध शराब बेचते कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 16 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 15.09.2025 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम झोंका में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 3850 कीमत मूल्य का 35 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- आशीक बांधे उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम झोंका थाना सिटी कोतवाली।

## दानवीर भामाशाह पुरस्कार के लिए आवेदन 21 तक

**बलौदाबाजार,16 सितम्बर।** दानवीर भामाशाह पुरस्कार के लिए 21 सितम्बर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किये गये है।इच्छुक व्यक्ति या संस्था विस्तृत जानकारी एवं आवदेन हेतु कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण विभाग, कक्ष नं 55 संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन बलौदाबाजार में संपर्क कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर अनुकरणीय सहायता प्रदाय करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति अथवा संस्था को दानवीर भामाशाह सम्मान से अलंकृत किया जाता है। चयनित व्यक्ति, संस्था को एक लाख रूपए एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया जाता है।

## रोजगार मेला 18 को

**बलौदाबाजार,17 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 18 सितम्बर 2025 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बलौदाबाजार में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी सुश्री मनोरमा भगत द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी क्षेत्र के 28 नियोजकों द्वारा अपनी -अपनी संस्थानों के विभिन्न पदों जैसे आईटी सेक्टर हॉस्पिटल, बीमा, फॉयर सेफ्टी सिक्योरिटी सेक्टर, फुड्स प्रोसेसिंग, इंडस्ट्रीज सेक्टर सेल्स, ड्राइवर, कम्प्यूटर आपरेटर,मुंशी, मैनेजर, सुपरवाइजर, एकाउंटेंट,मिल आपरेटर लेवर एवं अन्य पद पर कार्य करने हेतु 1236 पद एवं अप्रेंटिसशिप के लिये 3 नियोजको द्वारा 222 पदों पर भर्ती की जायेगी। शैक्षणिक योग्यता 5 वीं से उच्च शिक्षा, आईटीआई, बीई, डिप्लोमा उत्तीर्ण युवाओं के लिये एक ही मंच पर मौका दिया जायेगा। वेतन 7 हजार से लेकर 35 हजार रूपए तक देय होगा। कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, भाटापारा, खोखली, सुरजपुरा, कसडोल, सिमगा, कुकरदी रवान, रावन, सण्डी, तिल्दा, रायपुर, रायगढ़ एवं संपूर्ण छत्तीसगढ़ होगा।

# कृषि विकास अधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

### मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन एवं विभागीय कार्यों के बहिष्कार की चेतावनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कांकेर, 16 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के कृषि विभाग में कार्यरत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों की 9 सूत्रीय लंबित मांगों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर शासन के ध्यानकर्षण हेतु दिनांक 8 एवं 9 सितंबर 2025 को समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी द्वारा काली पट्टी लगाकर कार्य निषपादन किया गया किन्तु आज पर्यन्त हमारी मांगे लंबित है। अतएव विरोध स्वरूप आज दिनांक से संघ के सभी सदस्यों द्वारा बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्यो का निष्पादन नहीं किया जाएगा

आज दिनांक 15 सितंबर 2025 को भोजन अवकाश के समय माननीय मुख्यमंत्री जी, छत्तीसगढ़ शासन के नाम से तहसीलदार एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड नरहरपुर को ज्ञापन सौप कर संघ अपनी जायज मांगो के संदर्भ में पुनः आग्रह किया गया है मांगे पूरी नही होने पर उग्र आंदोलन एवं समस्त विभागीय कार्यो का बहिस्कार किया जाएगा

**लंबित मांगे इस प्रकार है:-** 1. ग्रमीण कृषि विस्तार अधिकारियों का वेतनमान संशोधन (4300 ग्रेड पे) 2. ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों के कार्य क्षेत्र का पुनर्निर्धारण 3. मासिक स्थायी भत्ता में वृद्धि कर 2500 रू करने हेतु 4. विभागीय कार्य संपादन हेतु मोबाइल, इंटरनेट, लैपटॉप, स्टेशनरी आदि हेतु संसाधन भत्ता 5. विभागीय अमले की कमी के कारण अतिरिक्त प्रभार दिये जाने की स्थिति में सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्र भत्ता 6. ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पदनाम को संसोधन कर मध्यप्रदेश शासन की तर्ज पर कृषि विस्तार अधिकारी करने हेतु गैर विभागीय कार्यो मे ड्यूटी (जैसे फसल गिरदावरी, डिजिटल क्रॉप सर्वे, सड़को को मवेशी मुक्त करने हेतु गठित दल, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत नोडल अधिकारी, धान उपार्जन केंद्र मे प्रभारी अधिकारी, ट्रस्टेड पर्सन,नोडल अधिकारी,नाका जांच प्रभारी,निगरानी समिति,नियग्द नेल्लानार, स्कूलों के परीक्षा केंदो में पर्यवेक्षक/जांच ऑब्जर्वर कार्य, बस्तर पांडुम, आँगन बाड़ी केंद्रो मे पूरक पोषण आहार निरीक्षण, प्रधानमंत्री आवास योजना मे नोडल अधिकारी, तकनीकी सहायक कार्य, पी. एम. आवास सर्वे,किसान क्रेडिट कार्ड, आयुषमान वय वंदन कार्ड इत्यादि) में ना लगाए जाने हेतु आदान सामग्री का भंडारण सेवा सहकारी समितियों में करने एवं अनुदान राशि भुगतान हेतु DBT प्रणाली लागू करने के संबंध में। 9. विगत वर्षो से लंबित पदोंउनत्ति प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ करने हेतु।

# राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्यों को 30 तक कराना होगा ई-केवायसी



**बलौदाबाजार,17 सितम्बर।** भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना अंतर्गत सभी हितग्राहियों का आधार आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। राशन कार्डो में पंजीकृत सभी सदस्य जिन्होंने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु 30 सितम्बर 2025 तक अपना ई-केवायसी पूर्ण कराना होगा।

खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कुल सदस्य 1156749 पंजीकृत हैं, जिसमें से ई-केवायसी 970342 पूर्ण हो गया है, स्वीकृत सदस्य 964437 और 5905 का शेष है। इसी तरह नगरीय निकाय क्षेत्रों में कुल सदस्य 150490 पंजीकृत है, जिसमें से ई-केवायसी 117186 पूर्ण हो गया है, स्वीकृत सदस्य 116649 और 530 का शेष है। भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई-केवायसी में छूट दिया गया है। सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवायसी सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से भी ई-केवायसी कर सकते हैं।

# पारम्परिक एवं सामाजिक तरीके से होने चाहिए गरबा व अन्य आयोजन : एसपी

**राजनांदगांव 16 सितम्बर।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने क्वांर नवरात्रि पर्व के संबंध में दुर्गा उत्सव समितियों की बैठक ली। पुलिस अधीक्षक श्री गर्ग ने कहा कि संस्कारधानी के नाम से राजनांदगांव को जाना जाता है, इसके अनुरूप दुर्गा उत्सव समितियों को पारंपरिक एवं धार्मिक तरीके से गरबा व अन्य कार्यक्रमों को आयोजित करने कहा। उन्होंने कहा कि शहर हमारा है और शहर की छवि बनाए रखना हमसब की जिम्मेदारी है। पुलिस अधीक्षक ने समितियों से कहा कि ऐसा कार्य करें, जिससे अन्य लोगों को तकलीफ एवं दिक्कत नहीं होनी चाहिए। दुर्गा पंडाल के कारण किसी भी सड़क में आवागमन बाधित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुर्गा पंडाल ऐसे स्थानों पर लगाए जिससे नगरवासियों और नगर में आने वाले नागरिकों को किसी तरह की समस्या नहीं होनी चाहिए। एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड, आपातकाल सेवाओं सहित अन्य सेवाएं बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गरबा तथा अन्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए साउंड सिस्टम का उपयोग निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप रात्रि 10 बजे तक कर सकते हैं। उन्होंने निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही साउंड सिस्टम संचालित करने कहा। उन्होंने गरबा एवं अन्य आयोजनों में धार्मिक आस्था रखते हुए सभ्यता, पारंपरिक और सामाजिक तरीके से कार्यक्रम आयोजित करने कहा। उन्होंने दुर्गा समितियों को पंडालों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त मात्रा में लाईटिंग, सीसीटीवी और वालिंटियर्स लगाने कहा। जिससे सारी व्यवस्था अच्छे से हो सके। पंडालों के आसपास साफ-सफाई और पर्याप्त मात्रा में डस्टबीन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की टीम द्वारा लगातार शहर में पेट्रोलिंग की जाएगी। कोई भी समस्या होने पर 112 नंबर पर सूचना दे सकते हैं। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन सहित दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।




# रजत जयंती पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं श्रम पंजीयन शिविर का लाभ सैकड़ों श्रमिकों ने उठाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,16 सितम्बर।** राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025 को रजत जयंती वर्ष घोषित किया गया हैं। इसी तारतम्य में श्रम विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं श्रम पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 714श्रमिक लाभान्वित हुए।

भाटापारा स्थित चॉवडी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 296 श्रमिक उपस्थित थें। उपस्थित श्रमिकों में 264 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांच व 32 श्रमिकों का श्रम पंजीयन किया गया। विकासखंड कसडोल के ग्राम पिसीद में 26 श्रम पंजीयन 4 नवीनीकरण, पलारी के अमेरा में 31 श्रम पंजीयन 2 नवीनीकरण, सिमगा के बंनसाकरा में 34 श्रम पंजीयन का आवेदन एवं श्रम वीरो का सम्मान किया गया।

इसी तरह मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, यूनिट कुकुरडीह, ग्राम कुकुरडीह में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 500 श्रमिक उपस्थित रहे। उपस्थित श्रमिकों में 450 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांच एवं किया गया। कसडोल विकासखण्ड के ग्राम कटगी में 8 श्रम पंजीयन, 9 नवीनीकरण, बलौदाबाजार के कंजी में 35 श्रम पंजीयन, 3 नवीनीकरण, भाटापारा के टिकुलिया, में 16 श्रम पंजीयन 4 नवीनीकरण, पलारी के कोसमंदी में 7 श्रम पंजीयन 5 नवीनीकरण, 04 संशोधन आवेदन 03 श्रमिकों कौशल विकास का आवेदन प्रस्तुत किया गया। विकासखंड सिमगा के ग्राम दामाखेड़ा में 52 श्रम पंजीयन का आवेदन एवं श्रम वीरो का सम्मान किया गया।

शिविर में नगर पालिका परिषद भाटापारा के पार्षदगण सतीष साहू, नंदकिशोर वैष्णव, श्रेणिक गोलछा, लिकेश साहू, प्रत्येश राठौर, किर्तन जायसवाल स्वास्थ्य विभाग से ए.पी.एम. कुलदीप यदु, वैभव यदु जिला समन्वयक अरूण बंजारे, डॉ.अविनाश केसरवानी, रोहित वर्मा, हर्षिता माहेश्वरी एवं श्रम पदाधिकारी सूरज कुमार, श्रम निरीक्षक कोमल सिंह मरावी, अभय दुबे, श्रम कल्याण अधिकारी विरेन्द्र बोइरबंश, कल्याण निरीक्षक कार्तिकेश दुबे उपस्थित रहे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सबकी होनी चाहिए सहभागिता : कलेक्टर

### शिविर में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर एवं स्टॉफ की ड्यूटी लगाने के दिए निर्देश



**राजनांदगांव 16 सितम्बर।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शासकीय मेडिकल कालेज में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितम्बर 2025 को शासकीय मेडिकल कालेज राजनांदगांव में आयोजित गंभीर बीमारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के संबंध में भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा राजनांदगांव के पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि गंभीर बीमारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में नेक कार्य के सभी सेवा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे और सबकी सहभागिता होनी चाहिए। मरीजों के लिए बैठक व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने मरीजों के सहयोग के लिए वालिंटियर्स की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। नर्सिंग स्टॉफ, नर्सिंग विद्यार्थी एवं आरएचओ शिविर में मदद करेंगे। उन्होंने शिविर में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर एवं स्टॉफ की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों के पंजीयन, स्वास्थ्य जांच, मरीजों के लिए भोजन, पेयजल, बाहर से आने वाले डॉक्टर्स एवं स्टॉफके लिए भोजन की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर में वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रहेगी। जिसके अनुरूप आवश्यक व्यवस्था करने के लिए कहा। कलेक्टर ने इको मशीन बढ़ाने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में दवाईयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होनी चाहिए। मरीजों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्था एवं व्हीलचेयर भी होना चाहिए। सभी वालिंटियर्स को आई कार्ड जारी करने के लिए कहा तथा शिविर में मेडिकल इंटर्न की भी सहभागिता होनी चाहिए।

# पंचायत सचिव ने अपने जन्मदिन पर बच्चों के संग साझा की खुशियां



**रायपुर, 17 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित अभिनव पहल प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशियां के तहत रायपुर जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी अब अपने जन्मदिवस को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए नन्हें बच्चों संग खुशियां बांट रहे हैं। इसी कड़ी में श्रीमती लता साहू पंचायत सचिव ग्राम पंचायत लमकेनी जनपद पंचायत अभनपुर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ विशेष समय बिताया। बच्चों के साथ केक काटा तथा उन्हें फल, बिस्किट,पौष्टिक आहार वितरित की।

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले के 20 कर्मचारियों को जन्मदिन की पूर्व संध्या पर एसएमएस और ई-कार्ड के माध्यम से शुभकामनाएं भेजी गई और उन्हें पास के आंगनबाड़ी या विद्यालय में बच्चों संग जन्मदिन मनाने हेतु प्रेरित किया गया।

# हर विकासखंड में संचालित होंगे 10-10 गौधाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 17 सितम्बर।** प्रथम चरण में जिले के हर विकासखंड में गौधाम गठन हेतु 10-10 गोठान का चयन कर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने कलेक्टर दीपक सोनी ने पशुधन विकास विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की विशेष बैठक लेकर काम में गति लाने के निर्देश दिए हैं। गौधामो के गठन की प्रकिया में तेजी लाने के लिए पशु चिकत्सा विभाग द्वारा चयनित गौठानों की सूची छत्तीसगढ़ राज्य गोसेवा आयोग भेजने के उपरांत जिला एवं विकासखंड स्तरीय समिति का गठन कर लिया गया है। गौधाम संचालन के लिए गौशाला के संचालको को प्राथमिकता के आधार पर गौधाम संचालन का दायित्व सौंपा जाना है इसके अलावा एनजीओ, किसान उत्पादक संगठन एवं अन्य पंजीकृत संस्थाएं तथा स्वयं सेवा समुह आदि उनके सहमति के आधार पर पात्र होगे। गौधाम संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं को सहमति के अनुरुप कार्यालय उपसंचालक चिकित्सा सेवाये बलौदाबाजार-भाटापारा से अधिक जानकारी एवं आवेदन के निर्धारित प्रारुप में 30 सितबर 2025 के पूर्व कार्यालीन दिवस में प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक जमा कर सकते है।

**आवेदन 30 तक**

# सुख बाहर नहीं, इच्छाओं की समाप्ति में है: मनीष सागर महाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 16 सितंबर।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने सोमवार को सुख और दुख में भेद समझाया। भेद विज्ञान साधना शिविर के दूसरे दिन उपाध्याय भगवंत ने कहा कि कल सुखी होना है तो आज सुखी रहो। अनुकूलता में भी सुखी रहो और प्रतिकूलता में भी सुखी रहो। सुख बाहर नहीं है। इच्छाओं की समाप्ति में ही सुख है। जीवन में 90 प्रतिशत अनावश्यक इच्छाएं ही दुख का कारण है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि मनुष्य गति में सहज सुखी रहने के जो संस्कार विकसित होंगे, वही संस्कार ही इस भव के साथ परलोकों में भी काम आते रहेंगे। शरीर छूटेगा लेकिन आत्मा सुखी होने के संस्कार ले जाएगी। जो संस्कार आगे जाएंगे, वह आगे भी सुखी रखेंगे। यदि दुखी रहने के संस्कार लेकर आत्मा जाएगी तो आगे भी दुखी रहेगी। मनुष्य गति का सर्वोत्तम सदुपयोग इच्छाओं को कंट्रोल करने में करें। इच्छाओं को जीतते जाएं। सहज सुखी रहने का अभ्यास करते जाएं।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि सुख और दुख में भेद समझ आने पर चार गति में भ्रमण नहीं होगा। परमात्मा के बताए फार्मूले को ध्यान रखो। आज भी सुखी हो जाओ और आगे के सुख की व्यवस्था कर लो। मोह कर्मों का क्षय करना, सिद्ध अवस्था को पाना, आत्म कल्याण करना, सुखी होना ये सब एक ही चीज है। बस एक फार्मूला पकड़ो कि मुझे सुखी रहना है। सुख का लगातार विकास करना है। संसार की परिस्थितियां आएंगी उसमें भी दुखी नहीं रहना है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जो व्यक्ति प्रतिकूलता में सुखी रहता है, उसे अनुकूलता में आसक्त नहीं होना है। अनुकूलताओं की निर्भरता छोड़नी है। प्रतिकूलता की घबराहट छोड़नी है। अर्थ,भोग, धर्म व मोक्ष में से अर्थ,भोग व धर्म में इच्छा है। मोक्ष में इच्छाओं का निवारण है। इसी का नाम मोक्ष का पुरुषार्थ है। इच्छा का कारण राग व द्वेष है। किसी चीज का अच्छा लागना राज है।

# महिलाओं ने सीखे आत्मनिर्भर बनने के गुर

### श्री सीमेंट फाउंडेशन कराया यात्रा भ्रमण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 16 सितंबर।** श्री सीमेंट फाउंडेशन द्वारा जिले के आदर्श ग्राम गुड़ेलिया का यात्रा भ्रमण करवाया गया द्य जिसमें 21 स्व सहायता समूह की 70 महिलाओं और प्रगति ग्राम संगठन के सदस्यों ने भाग लिया। इस यात्रा भ्रमण के दौरान, महिलाओं ने ग्रामीण विकास के अनेक प्रकल्पों का भ्रमण कर अपने गांव में उसे कैसे लागू करें, इसके बारे में जानकारी हासिल की।

ग्राम गुड़ेलिया के सरपंच संकेत अग्रवाल ने बताया कि ग्राम में स्वच्छता, नशा मुक्ति, आधारभूत संरचना का विकास, स्ट्रीट लाइट, आदर्श विद्यालय, आदर्श आंगनवाड़ी, खेलकूद मैदान, द्य डिजिटल सेंटर पेयजल ,लाइब्रेरी,जल स्त्रोतों का विकास और मूलभूत संरचनाओं का विकास जैसे विभिन्न विकास कार्यों को सामुदायिक सहयोग के साथ सफलतापूर्वक लागू किया गया द्यमहिलाओं ने सीमेंट ब्लॉक उद्योग, पेवर ब्लॉक ,चैनल फेंसिंग उद्योग और अन्य कार्यों में भाग लेकर अपनी आजीविका को समृद्ध किया है। महिलाएं प्रतिमाह 3 से 4 हजार रुपये तक कमा रही हैं।

ग्राम गुड़ेलिया में शिक्षा संस्थाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। विद्यालय में साफ-सुथरा माहौल, शैक्षणिक गतिविधियों, खेलकूद की सामग्री, और बच्चों के मानसिक विकास के लिए नियमित तौर पर शिक्षकों द्वारा काम किया जा रहा है।

**ग्राम सामुदायिक भागीदारी:** ग्राम सेमराडीह की सरपंच प्रमिला वर्मा ने कहा कि गुड़ेलिया की यात्रा से हमें यह सीखने को मिलता है कि सामुदायिक भागीदारी कितनी महत्वपूर्ण है और इससे ग्राम के विकास में कैसे योगदान होता है।

श्रीफाउंडेशन ट्रस्टके प्रबंधक श्री. अभय प्रताप सिंह ने कहा कि ग्राम गुड़ेलिया एक आदर्श ग्राम मॉडल के रूप में कार्य कर रहा है, जो अन्य ग्रामों के लिए एक उदाहरण हो सकता है।ग्राम गुड़ेलिया की यात्रा से हमें कई महत्वपूर्ण बातें सीखने को मिलती हैं जो हमारे लिए उपयोगी हो सकती हैं। हमें इन बातों को अपने जीवन में अपनाकर अपने ग्राम या समुदाय के विकास में योगदान कर सकते हैं। यात्रा भ्रमण को सफलता पूर्वक संचालित करने में श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के एग्जीक्यूटिव वीरेंद्र बघेल का महत्वपूर्ण योगदान था साथ में ग्राम गके ग्राम सचिव,पंचगण व नारी ग्राम शक्ति संगठन का महत्तवपूर्ण योगदान था।

# गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने वाले गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 16 सितंबर।** प्रार्थी जनीराम भारद्वाज निवासी ग्राम सुढेली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 09.09.2025 को वह अपने दो अन्य साथियों के साथ मोटरसाइकिल में बैठकर अपने गांव सुढेली वापस आ रहा था। कि शाम करीबन 06:00 बजे वेल्डिंग दुकान के पास आरोपियों द्वारा यह कहते हुए की 02 साल पहले तूने हमारे दोस्त नवीन के साथ मारपीट किया था, कहकर सभी एक राय होकर अश्लील गाली गलौज करते हुए, हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट किया गया तथा एक आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए राड से मारपीट किया गया, जिससे गंभीर चोटे आई हैं। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 898/2025 धारा 296,351(2),191(2),191(3), 118(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल 04 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर पुराने वाद विवाद एवं मारपीट की बात को लेकर, जान से मारने की धमकी देते हुए, प्रार्थी के साथ मारपीट करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में सभी चार आरोपियों को आज दिनांक 15.09.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

आरोपियों के नाम- 1. पूनम कौशल उर्फ लल्लू उम्र 21 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली 2. विकास जोशी उम्र 23 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली 3. जगमोहन चेलक 24 वर्ष निवासी ग्राम खैरी थाना सिटी कोतवाली 4. खेमराज उर्फ राहुल यादव उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम डोंगरा थाना लवन।

## संपादकीय

### वक्फ कानून पर रोक नहीं लगाई

देश में वक्फ की संपत्ति के प्रबंधन के लिए कोई कानून नहीं था, इसमें कई तरह की अनियमितता होती रही है। सरकारी जमीन पर कब्जा कर उसे वक्फ कर दिया जाता है और उसकी फिर कोई सुनवाई नहीं होती है, उसे वक्फ के कब्जे से मुक्त कराना आसान नहीं होता था। इसलिए मोदी सरकार ने कानून की जरूरत को देखते हुए वक्फ का कानून संसद से पारित किया है। हमेशा की तरह मोदी विरोधियों ने इस कानून को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी कि यह कानून अवैध है, इस पर रोक लगाई जाए। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून पर रोक नहीं लगाई है इसके कुछ प्रावधानों पर रोक लगाई गई है।यह रोक भी अंतिम है।सीजेआई गवई के मुताबिक वक्फ के प्रावधानों पर फिलहाल जो राय दी गई है,वह केवल अस्थायी व प्रारंभिक विचार है।यह अंतिम निष्कर्ष नहीं है।इस समय हमने केवल इतना देखा है कि क्या कानून या उसकी किसी धारा पर तुरंत रोक लगाई जाए या नहीं,अगली सुनवाई में याचिकाकर्ता फिर से पूरे तर्क रख सकते हैं। सरकार भी पूरे विस्तार से अपना पक्ष रख सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पांच साल से मुस्लिम होने की शर्त रोक यह कहकर लगाई है कि यह रोक तब तक है जब तक राज्य सरकारें इस संबंध में कोई नियम नहीं बना लेती। कलेक्टर के फैसले के अधिकार पर रोक यह कहकर लगाई गई है कि कलेक्टर को नागरिकों की संपत्ति अधिकार पर फैसला करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।वक्फ की संपत्ति से बेदखल न करने की मांग पर कहा गया है कि ट्रिब्यूनल के अंतिम फैसला आने तक वक्फ की संपत्ति से बेदखल नहीं किया जाएगा। बोर्ड में गैर मुस्लिमों की संख्या के विषय में कहा गया है कि केंद्र में चार व राज्य बोर्ड में तीन गैर मुस्लिम होंगे।वक्फ बोर्ड में मुस्लिम सीईओ की मांग पर कहा गया है कि जहां तक संभव हो मुस्लिम सीईओ ही हो।वक्फ के पंजीकरण पर कहा गया है कि इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती क्योंकि यह कानून पहले भी था और इसे ही फिर से लागू किया गया है।कुल मिलाकर सुप्रीम कोर्ट कुछ प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाकर बता दिया है कि वह वक्फ कोर्ट के मामले में किन प्रावधानों पर रोक लगा सकती है और किन पर रोक नहीं लगाने वाली है।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण थोड़ा परेशान रहेंगे। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। परिवार में किसी सदस्य से आपकी कहासुनी होने की संभावना है। आप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे और घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं। परिवार के सभी एकजुट नजर आएंगे।

वृषभ आज का दिन आपके लिए शौक और मौज की चीजों की खरीदारी के लिए रहेगा। आपको अपने वाणी और व्यवहार पर संयम रखना होगा। आपका कोई मित्र आपके लिए खुशखबरी लेकर आने वाला है। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी को कहीं लॉन्ग ड्राइव पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। आज आपको कार्यक्षेत्र में किसी काम के लिए सम्मानित किया जाएगा, जिससे आपको खुशी होगी।

मिथुन आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। बुद्धि और विवेक से आप अपने विरोधियों को आसानी से मात देने के कामयाब रहेंगे। आपका कोई पुराना रोग उभर सकता है। आपकी आय के सोर्स बढ़ेंगे। आपको किसी काम को पूरा करने में यदि समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपने किसी परिजन से काम को लेकर कोई सलाह मशवरा करेंगे। यदि आपने किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं।

कर्क आज आपकी सेहत बिगड़ सकती हैं, इसलिए आप बाहर के खाने से परहेज रखें और अपने पेट का खास ख्याल रखें। आप बिजनेस में आधुनिक चीजों को शामिल करेंगे, जिससे आपको व्यापार में अच्छा लाभ मिलेगा। परिवार के लोग भी आपके कामों को पूरा साथ देंगे। आज आपका मन काफी खुश रहेगा। आप किसी मन की इच्छा की पूर्ति के लिए धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा।

सिंह आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। मित्रों और परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपनी आय और व्यय में बजट बनाकर चले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा, क्योंकि आप कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर परेशान रहेंगे। आप कहीं घूमने फिरने जाने की योजना बना सकते हैं। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

कन्या आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। दोस्तों से आपकी खूब पटेगी। आप किसी धार्मिक गतिविधि में भी शामिल हो सकते हैं। पूजा-पाठ में आपका खूब मन लगेगा। आप अपने किसी बात को लेकर बेवजह क्रोध न करें। आप यदि किसी काम को लेकर भाई-बहनों को सलाह देंगे, तो वह उस पर अमल अवश्य करेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति को यदि धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा।

तुला आज आप परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएंगे। आपके मन में कुछ नए विचार आएंगे, जिससे घर का माहौल भी अच्छा रहेगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आप अपने आत्मविश्वास को मजबूत रखें। आपका कोई विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकता है। आपको अपने किसी समस्या को छोटा नहीं समझना है। आपके कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। पढ़ाई-लिखाई को लेकर संतान को यदि कोई समस्या है, तो आप उसे दूर करने की कोशिश करें।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में कोई नई समस्या आ सकती है। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। बिजनेस में कोई काम आज अटकने की समस्या के कारण लटक सकता है। आप अपनी संतान को कहीं पढ़ने के लिए बाहर भेज सकते हैं। आपका कोई पुराना लेनदेन आपके लिए समस्या बन सकता है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी।

धनु आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आपको किसी काम को लेकर यदि तनाव था, तो वह भी दूर हो सकता है। आप अपने अधूरे पड़े कामों को पूरा करके राहत की सांस लेंगे। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपके मित्र आपके लिए कोई इंवेस्टमेंट संबंधित प्लान लेकर आ सकते हैं। आप जीवनसाथी को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जाएंगे। यदि कोई अनबन चल रही है, तो उसे बातचीत से दूर करने की कोशिश करें। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में अधिक गिरावट चल रही थी, तो उसमें भी सुधार आएगा।

मकर आज आपकी इनकम बेहतर रहेगी, क्योंकि आपका डूबा हुआ धन आपको मिल सकता है। पार्टनरशिप में काम करने का मौका भी आपको मिलेगा। आप नौकरी में यदि बदलाव की योजना बना रहे हैं, तो किसी दूसरी जगह अप्लाई कर सकते हैं। आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलते होंगे। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आप अपनी संतान को यदि कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरी उतरेगी। धर्म-कर्म की भावना आपके मन में रहेगी।

कुंभ आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको बिजनेस में कुछ कठिनाईयां तो आएंगी, लेकिन फिर भी आपके काम आसानी से पूरे होंगे। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। संतान को आप पढ़ाई-लिखाई के लिए कहीं बाहर भेज सकते हैं। अविवाहित जातकों के जीवन में नए साथी से मुलाकात हो सकती हैं। आपको कार्यक्षेत्र में किसी पॉलिटिक्स में पड़ने से बचना होगा, नहीं तो इसका असर आपके काम पर भी पड़ेगा।

मीन आज आपके जीवनसाथी का आपको पूरा सहयोग मिलेगा और आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात होगी, लेकिन रोजगार की दिशा में प्रयासरत लोगों को मेहनत जारी रखनी होगी, तभी उन्हें कोई अच्छा मुकाम हासिल होगा। आपको किसी अच्छे काम के लिए प्रोत्साहन भी मिल सकता है, लेकिन आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा। आज आप कोई जल्दबाजी में निर्णय न लें।

# पूर्वोत्तर का बदलता चेहरा मणिपुर

**प्रमोद भार्गव**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहु-प्रतिक्षित मणिपुर यात्रा, वहां के समुदायों के बीच स्थाई शांति स्थापित करेगी यह उम्मीद अब अपेक्षित है। मणिपुर में मैतेई, कुकी और नगा समुदायों की जातीय हिंसा से जुड़ी समस्या अत्यंत जटिल है। इसलिए इसके समाधान के उपाय विकास के साथ, स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने से ही संभव हैं। इस दिशा में मोदी पूर्वोत्तर भारत की अनेक यात्राएं कर चुके हैं। 13 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री की मणिपुर यात्रा, वहां 2023 से चल रही जातीय हिंसा के बाद पहली बार हुई है। इस दौरान उन्होंने चूड़चंदपुर और इंफाल के राहत शिविरों में पहुंचकर सीधे पीड़ितों के दर्द को समझने की कोशिश की। इन शिविरों में विस्थापित पीड़ितों से मुलाकात करते हुए कहा कि 'अब साफ दिख रहा है कि नई सुबह उम्मीद और भरोसे की है। मणिपुर शांति और समृद्धि का प्रतीक बनेगा। केंद्र सरकार यहां 7300 करोड़ रुपए की नई परियोजनाओं पर काम करने जा रही है।' याद रहे खराब मौसम के कारण प्रधानमंत्री का हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका था। इस कारण वे सात किमी की सड़क यात्रा करके चूड़चंदपुर पहुंचे थे। इस पूरे मार्ग में उनका राष्ट्रिय झंडा लिए लोगों ने स्वागत किया और फिर उन्होंने शिविर में युवाओं से बात करके उन्हें उज्जवल भविष्य की दिलासा दी। मणिपुर हिंसा के जिस लंबे दौर से गुजरा है, उसमें शांति के लिए विकास औरभविष्य की उम्मीदें ही स्थायित्व लाने वाली होती हैं। इस दृष्टि से लगता है कि अब मणिपुर सही दिशा में आगे बढ़ेगा। मोदी ने अपने 11 वर्षीय कार्यकाल में सीमांत प्रदेशों में सर्वाधिक रुचि ली है। फिर वह चाहे कश्मीर-लद्दाख, उत्तराखंड हों या फिर पूर्वोत्तर भारत की सात बहनें कहे जाने वाले राज्य असम, अरुणाचल, सिक्किम, मिजोरम, मणिपुर, अगरतला और मेघालय हों। इन सभी प्रांतों की वास्तव में पूर्ववर्ती सरकारों ने अनदेखी की है। इसलिए इनकी आर्थिक संभावनाओं और प्राकृतिक दोहन को उपयुक्त रूप से उपयोगी नहीं माना गया। किंतु मोदी जबसे प्रधानमंत्री बने हैं, तभी से उनकी निगाहें पूर्वोत्तर के सातों राज्यों के भौतिक विकास के साथ सांस्कृतिक उत्थान पर टिकी हैं। यह विकास एकतरफा न होकर चहुंमुखी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रेल, उड्डयन, पेयजल शहरी, ग्रामीण आवास, सूचना-प्रौद्योगिकी और विद्युत परियोजनाओं से जुड़ा है। यही नहीं साहित्य कला और संस्कृति को समृद्धशाली बनाए जाने पर पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। दरअसल यही वे विषय हैं, जो पूर्वोत्तर में आधुनिक विकास के साथ यहां के मूल निवासियों को प्राचीन भारत के महामानवों से जोड़कर समरसता का इतिहास रच रहे हैं। वरना पिछले दो सौ साल में अंग्रेजों ने इस पूरे क्षेत्र में ईसाईकरण की बुनियाद रखी और बांग्लादेश व म्यांमार से घुसे मुसलमानों ने इस्लामीकरण को बढ़ावा देने के साथ जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ने का काम किया। नतीजतन नस्लीय भेद बढ़ा और सांप्रदायिक दंगे बीते 79 साल से न खत्म होने वाली कड़ी बने रहे।



मोदी ने पूर्व में मणिपुर में 4800 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला रखी थीं। अगरताला की राजधानी त्रिपुरा में त्रिपुरा ग्राम समृद्धि योजना और विद्याज्योति शाला परियोजना मिशन-100 की शुरूआत की थी। दरअसल आवागमन की सुविधाओं का अभाव पूर्वोत्तर की सबसे बड़ी समस्या रही है, इससे सामान की ढुलाई में दिक्कत आती है और पर्यटन भी प्रभावित होता है। केंद्र सरकार की 4800 करोड़ रुपए लागत की 22 परियोजनाओं में इन पहलुओं पर विकास को केंद्रित किया गया है। देश के बड़े नगरों से इस क्षेत्र में उड़ानों की संख्या बढ़ाने के साथ हवाई-अड्डों को बेहतर बनाया गया। इनके नवीनीकरण पर 13 हवाई-अड्डों पर 3000 करोड़ खर्च किए गए हैं। रेल सुविधाओं के विस्तार के साथ पटरियों का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण किया गया है। इसी का परिणाम रहा कि 13 सितंबर को प्रधानमंत्री ने बैराबी-सैरांग रेल लाइन का उद्घाटन किया। इस 51 किमी लंबी लाइन पर 8070 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं, इसके साथ ही मिजोरम पहली बार नई दिल्ली के साथ रेल नेटवर्क से जुड़ गया। मोदी ने मणिपुर के लोगों को भरोसा दिया है कि रेलवे का विस्तार करके जल्दी ही राजधानी इंफाल को रेल नेटवर्क से जोड़ दिया जाएगा। इस लक्ष्यपूर्ति के लिए 700 करोड़ की रेल परियोजना का उद्घाटन भी किया। इस दुर्गम भू-क्षेत्र में सैकड़ों किमी लंबी नई सड़कों का निर्माण हो रहा है और बंगाल के बंदरगाहों को नदियों के माध्यम से आंतरिक जलमार्गों से जोड़ा जा रहा है। समूचे इलाके की ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति तय करने के लिए 'इंद्रधनुश गैस ग्रिड' के तहत सभी राज्यों को पाइपलाइन से जोड़ा जा रहा है। यहां के पर्यटन स्थलों की पहचान करके उन्हें देशव्यापी पर्यटन स्थलों में शामिल किया जा रहा है। इन सब विकास कार्यों को गति देने के लिए 2021-22 के बजट में 56 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया गया है। मोदी ने पूर्वोत्तर से चुनकर आए सांसदों को मंत्रिमंडल में शामिल करके इस क्षेत्र को महत्व दिया है। देश की आजादी के बाद एक साथ कई चेहरों को भारत सरकार का हिस्सा बनाकर नरेंद्र मोदी की विलक्षण पहल की हुई है। ये लोग भी सांस्कृतिक समरसता विस्तारित करने की दृष्टि से उल्लेखनीय काम कर रहे हैं, इसलिए आज मणिपुर, अगरतला, असम और अरुणाचल नई कार्य संस्कृति के प्रतीक बन गए हैं। इन मंत्रियों के प्रयासों का ही प्रतिफल है कि उत्तर-पूर्व के इन राज्यों में 168 बांध निर्माणाधीन हैं। 2018 में असम के डिब्रूगढ़ को अरुणाचल-प्रदेश के पासीघाट से जोड़ने के लिए ब्रह्मपुत्र नदी पर देश के सबसे लंबे सड़क और रेलपुल बोगीबील पुल का उद्घाटन मोदी ने किया था। सड़क परिवहन को मजबूत करने के लिए उत्तर-पूर्व सड़क विकास योजना एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अनेक सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। ये सड़क और पुल सेना को सीमा पर जल्द पहुंचने में भी बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं। 2021 में टोक्यो में खेले गए ओलेपिक खेलों में मिजोरम की लालरेम्सियामी और मणिपुर की सुशीला चानू महिला खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीतकर भारत की गरिमा को चार चांद लगाने का काम कर दिया था। मैरीकॉम भी अपना नाम मुक्केबाजी में रोशन कर चुकी हैं।

मणिपुर उच्च न्यायालय ने 27 मार्च 2023 को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जाति (एससी) सूची में शामिल करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था। इसे लेकर 3 मई 2023 को कुकी-मैतेई के बीच जातीय हिंसा की शुरुआत हुई। इस हिंसा में अब तक 260 लोग मारे गए हैं और कई हजार लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं। इसीलिए कुकी-जो के दस विधायकों ने प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन देकर कुकी समुदाय के लिए अलग केंद्र शासित प्रदेश की मांग की हुई है। इस ज्ञापन पर सात भाजपा विधायकों के भी हस्ताक्षर हैं। ज्ञापन में कहा है कि कुकी समुदायों को घाटी से बेदखल कर दिया गया है। अतएव दोनों समुदाय एक पड़ोसी की तरह तो शांतिपूर्वक रह सकते हैं, किंतु एक छत के नीचे नहीं रह सकते। यही उपाय यहां स्थाई शांति का हल हो सकता है। हालांकि प्रधानमंत्री ने उनकी बात को गंभीरता से सुना जरूर लेकिन कोई भरोसा नहीं दिया। अलबत्ता यह अवश्य कहा जा सकता है कि सभी पक्षों के पीड़ितों से मिलकर शायद प्रधानमंत्री ने यह समझ लिया हो कि यहां स्थाई शांति कैसे कायम हो सकती है? इसके परिणाम हमें कुछ समय में देखने को मिल सकते हैं। बावजूद स्थाई शांति के लिए म्यांमार से होने वाली रोहिंग्या मुस्लिमों की घुसपैठ पर लगाम लगाने के साथ मादक पदार्थों के तस्करों पर भी जब तक लगाम नहीं लगाई जाएगी, स्थाई शांति लाने में कठिनाई होगी। क्योंकि ये दोनों वर्ग मूल मणिपुरियों में वैमनस्य के बीज बोने का काम करते हैं।

# सनातन पर साजिश, सोशल मीडिया के जाल में हिंदू परिवार

**संजय सक्सेना,लखनऊ**



राहुल एक साधारण सा युवक था, दिल्ली के एक मध्यमवर्गीय हिंदू परिवार से। सुबह उठते ही वह अपने फोन को हाथ में लेता, और सोशल मीडिया की दुनिया में खो जाता। इंस्टाग्राम, यूट्यूब शॉर्ट्स, टिकटॉक ये प्लेटफॉर्म उसके लिए दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुके थे। लेकिन पिछले कुछ महीनों से कुछ अजीब सा हो रहा था। उसके फीड में छोटे-छोटे वीडियो आते, जिनमें हिंदू परिवारों के घरों में झगड़े दिखाए जाते। एक वीडियो में एक मां अपने बेटे से चिल्ला रही थी, तुम्हारा ये सनातन धर्म क्या बिगाड़ लाया है? रोज मंदिर जाना, पूजा-पाठ, बस झगड़े ही झगड़े! दूसरे में पिता और पुत्र के बीच बहस, जहां पिता कहते, ये पुरानी रस्में अब बोझ बन गई हैं, छोड़ दो इन्हें! ये वीडियो इतने रीयल लगते कि राहुल का दिल बैठ जाता। क्या सच में सनातन धर्म हिंदू घरों को तोड़ रहा था?राहुल ने सोचा, शायद ये संयोग है। लेकिन जैसे-जैसे वीडियो बढ़ते गए, उसे शक होने लगा। एक दिन, उसके चचेरे भाई अजय ने फोन किया। भाई, देखा वो वीडियो? हमारी तरह के परिवार में ही तो हो रहा है। मेरा दोस्त का घर टूट गया, वजह धर्म की रस्में!" राहुल ने वीडियो चेक किया। ये सब एक जैसे थेः 15-30 सेकंड के क्लिप्स, ड्रामेटिक म्यूजिक के साथ, कैप्शन में लिखा "सनातन का काला सच परिवार बर्बाद! हैशटैग्स जैसे #HinduFamilyFights, #SanatanCurse। ये वीडियो वायरल हो रहे थे, लाखों व्यूज, हजारों शेयर्स। राहुल ने गूगल किया, तो पता चला कि ये ट्रेंड पूरे भारत में फैल रहा है। दक्षिण भारत से उत्तर तक, हर जगह हिंदू परिवारों को निशाना बनाया जा रहा था।

राहुल एक आईटी इंजीनियर था, कोडिंग और डेटा एनालिसिस उसका शौक। उसने फैसला किया, खुद जांच करेगा। सबसे पहले, उसने वीडियोज के मेटाडेटा चेक किया। कई वीडियो एक ही आईपी एड्रेस से अपलोड हो रहे थे, जो विदेशी सर्वर से जुड़े थे। एक वीडियो का बैकग्राउंड चेक किया, तो पाया कि वो स्टॉक फुटेज था अमेरिका के किसी स्टूडियो से लिया गया, लेकिन एडिट करके भारतीय घर जैसा दिखाया गया। आवाजें डब की गई, हिंदी में, लेकिन एक्सेंट गलत। राहुल का शक पक्का हो गया। ये छोटे-छोटे वीडियो कोई संयोग नहीं, एक सुनियोजित कैंपेन थे। अब सवाल था, इससे सनातन को कितना नुकसान हो रहा है? राहुल ने अपने दोस्तों से बात की। एक दोस्त ने बताया, "मेरा कजिन धर्म छोड़ने की सोच रहा है। कहता है, ये वीडियो देखकर लगता है सनातन ही परिवारों का दुश्मन है। राहुल ने सोशल मीडिया एनालिटिक्स टूल्स का इस्तेमाल किया। आंकड़े चौंकाने वाले थे। इन वीडियोज ने 10 करोड़ से ज्यादा व्यूज जेनरेट किए थे। कमेंट्स में लोग लिख रहे थे हिंदू बनना बंद करो, ये बोझ है! युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही थी। सनातन धर्म, जो सदियों से एकता, शांति और परिवार की नींव पर टिका है, अब सोशल मीडिया पर बदनाम हो रहा था। मंदिरों में आने वाले लोग कम हो रहे थे। परिवारों में बहसें बढ़ रही थीं बुजुर्ग कहते, 'पूजा करो' तो युवा जवाब देते, ये झगड़े ही तो पैदा करता है! आध्यात्मिक विश्वास कमजोर पड़ रहा था। सनातन की मूल भावना 'वसुधैव कुटुंबकम' पर चोट पहुंच रही थी। ये वीडियो न सिर्फ व्यक्तिगत स्तर पर तोड़ रहे थे, बल्कि समुदाय को बांट रहे थे। हिंदू एकता कमजोर हो रही थी, जो किसी भी बाहरी साजिश के लिए खतरा बन सकती थी।

राहुल ने गहराई से खोजा। एक रात, वह डार्क वेब पर पहुंचा वहां एक फोरम मिला, जहां 'ऑपरेशन डिवाइड' नाम का ग्रुप सक्रिय था। ये ग्रुप विदेशी फंडिंग से चल रहा था। सूत्रधार कौन? राहुल को पता चला, ये एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क था इसमें कुछ कट्टरपंथी संगठन शामिल थे, जो भारत को कमजोर करना चाहते थे। मुख्य मास्टरमाइंड एक पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट था, नाम फखर अहमद, जो दुबई से ऑपरेट कर रहा था। उसके साथ कुछ भारतीय 'फ्रीलांसर' थे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, जो पैसे के लालच में काम कर रहे थे। ये लोग एआई टूल्स का इस्तेमाल करके वीडियो जनरेट करते। एक स्क्रिप्ट लिखी जाती हिंदू परिवार में सनातन रस्मों पर झगड़ा। फिर डीपफेक टेक्नोलॉजी से चेहरे बदले जाते, भारतीय कपड़े पहनाए जाते। आवाजें वॉयस सिंथेसाइजर से हिंदी में डब की जातीं। ये वीडियो बॉट्स के जरिए वायरल किए जाते फेक अकाउंट्स से लाइक्स, शेयर्स। फंडिंग आती थी विदेशी एनजीओ से, जो 'सेकुलरिज्म' के नाम पर काम करते, लेकिन असल में धार्मिक विभाजन फैलाते। राहुल ने एक उदाहरण ढूंढा। एक वीडियो में दिखाया गया था, एक ब्राह्मण परिवार में लड़ाई। लेकिन जांच पर पता चला, वो परिवार असली नहीं, बल्कि लॉस एंजिल्स के किसी एक्टर का था। स्क्रिप्ट लिखी गई थी एक भारतीय नाम के फ्रीलांसर ने, जो मुंबई में रहता था लेकिन पैसे के लिए बिक गया। ये साजिश का हिस्सा था सनातन को 'अंधविश्वास' दिखाकर युवाओं को अलग करना। नुकसान गहरा था सनातन की छवि 'प्रगतिशील न होने' वाली बन रही थी। महिलाएं कह रही थीं, ये धर्म हमें दबाता है, जबकि पुरुष "ये पुरानी परंपराएं बोझ हैं। समुदाय में अविश्वास बढ़ा। मंदिर दान कम हुआ, योग और ध्यान जैसे सनातन के वैज्ञानिक पहलू भुलाए गए। कुल मिलाकर, ये एक सांस्कृतिक हमला था, जो पीढ़ियों को प्रभावित कर सकता था। राहुल ने फैसला किया, चुप नहीं बैठेगा। उसने अपने दोस्तों एक पत्रकार प्रिया और एक साइबर एक्सपर्ट विक्रम को शामिल किया। टीम बनी। प्रिया ने स्टोरी ब्रेक करने की तैयारी की। विक्रम ने ट्रेसिंग की। एक हफ्ते में, उन्होंने फखर अहमद के सर्वर को हैक कर लिया वहां साबित हो गया, 500 से ज्यादा वीडियो इसी कैंपेन का हिस्सा थे। भारतीय फ्रीलांसरों के नाम भी मिले एक था राजेश शर्मा, जो खुद हिंदू था लेकिन कर्ज चुकाने के लिए बिक गया। दूसरा था नेहा खान, जो मिश्रित बैकग्राउंड से थी और बदले की भावना से काम कर रही। क्लाइमेक्स वह रात था जब राहुल दुबई के एक होटल में घुसा विक्रम की मदद से। फखर अहमद मीटिंग कर रहा था। राहुल ने छिपकर रिकॉर्डिंग की। फखर बोला, ये हिंदू एकता तोड़ दो, तो भारत कमजोर हो जाएगा। सनातन को बदनाम करो, परिवारों को बांटो। राहुल ने वीडियो लीक कर दिया। प्रिया ने न्यूज चैनल पर ब्रेकिंग न्यूज चलाई। सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया। लोग जागे। #SaveSanatan ट्रेंड करने लगा। असली हिंदू परिवारों ने काउंटर वीडियो बनाए जहां दिखाया, सनातन कैसे एकता सिखाता है। कहानी का अंत सकारात्मक था। राहुल का परिवार एकत्र हुआ। पिता ने कहा, बेटा, सनातन मजबूत है, ये साजिशें इसे नहीं तोड़ सकतीं। नुकसान हुआ था, लेकिन जागृति भी आई। सूत्रधार पकड़े गए फखर को अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने गिरफ्तार किया। भारतीय फ्रीलांसरों पर मुकदमा चला। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने ऐसे वीडियोज बैन किए। राहुल समझ गया, सनातन का असली हथियार जागरूकता है। छोटे-छोटे वीडियो नुकसान पहुंचा सकते हैं, लेकिन सच्चाई हमेशा जीतती है। सनातन के खिलाफ साज़िश का सबसे बड़ा सबूत यही है कि इस तरह की 'रील' में किसी और धर्म के लोगों, उनके परिवार, उनकी पूजा-पद्धति, धर्मगुरुओं और उनके आराध्य के खिलाफ कोई बोलने की हिम्मत नहीं करता है। इसीलिए 'धरती चपटी है और सूरज पश्चिम से निकलता है' कहने वाली कौम पर कोई नहीं बोलता, क्योंकि सर तन से जुदा होने लगता है।

# छोटे अंडे बन रहे हैं प्रेग्नेंसी की चुनौती

महिलाओं में कंसीव करने के लिए जो सबसे जरूरी होता है, वह हेल्थ और मैच्योर अंडा है। लेकिन कई बार महिलाओं की ओवरी में अंडे तो बनते हैं, लेकिन यह सही तरह से विकसित नहीं हो पाते हैं। बता दें कि इस स्थिति को छोटे अंडे बनने की समस्या के तौर पर जाना जाता है। आजकल महिलाओं के लिए कंसीव करना एक बड़ी चुनौती बन गया है। खराब लाइफस्टाइल, हार्मोनल असंतुलन और हेल्थ संबंधी समस्याओं की वजह से महिलाओं को प्रेग्नेंट होने में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। महिलाओं में कंसीव करने के लिए जो सबसे जरूरी होता है, वह हेल्थ और मैच्योर अंडा है। लेकिन कई बार महिलाओं की ओवरी में अंडे तो बनते हैं, लेकिन यह सही तरह से विकसित नहीं हो पाते हैं। बता दें कि इस स्थिति को छोटे अंडे बनने की समस्या के तौर पर जाना जाता है। महिलाओं में छोटे अंडे बनना न सिर्फ उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित करती है, बल्कि यह रिश्तों में खटास और मानसिक तनाव की भी वजह बन सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि महिलाओं में छोटे अंडे बनने की समस्या क्यों होती है और इस समस्या से आप कैसे निपट सकती हैं।

**जानिए क्या कहते हैं डॉक्टर**-एक्सपर्ट की मानें, तो हर महीने महिलाओं के ओवरी में एक अंडा बनता है, जोकि धीरे-धीरे बड़ा होता है और जब यह अंडा पूरी तरह से विकसित हो जाता है यानी की 18 से 24 मिनीमीटर के आकार का, तब वह फूटता है। इस प्रोसेस को ओव्यूलेशन कहा जाता है। लेकिन अगर अंडा पूरी तरह से परिपक्व नहीं होता है और इसका आकार 14 से 15 मिमी से आगे नहीं बढ़ता है, तो यह नहीं फूटता है। इस वजह से शुक्राणु और अंडे का मिलन नहीं हो पाता है, फर्टिलाइजेशन नहीं होता है। इस कारण महिलाओं का गर्भधारण संभव नहीं हो पाता है। यह स्थिति तमाम महिलाओं में होती है।

**छोटे अंडे बनने की वजह**-अंडे के छोटे बनने की वजह एलएच, एफएसएच और एस्ट्रोजन जैसे हार्मोन का असंतुलित होना चाहिए। इसकी वजह से अंडे का विकास रुक सकता है। वहीं 30 से 35 साल की उम्र के बाद महिलाओं में अंडाणु की गुणवत्ता और मात्रा दोनों ही कम होने लगती है। इस कारण से भी अंडे छोटे बनते हैं। पीसीओडी में अंडे बनते हैं लेकिन अक्सर यह छोटे रहते हैं या फिर फूटते नहीं हैं। इस वजह से महिलाओं का कंसीव करना मुश्किल हो जाता है। प्रोलैक्टिन असंतुलन और थायराइड की वजह से ओवरी के काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। यह भी अंडे के छोटे होनी की वजह हो सकती है। खराब लाइफस्टाइल, नींद की कमी और ज्यादा कैफीन या फिर जंक फूड का सेवन भी अक्सर महिलाओं में छोटे अंडे बनने की वजह बन सकता है।

**अंडे का आकार बढ़ाने के लिए क्या करें**-एक्सपर्ट बताते हैं कि महिलाओं में छोटे साइज के अंडे अक्सर प्रेग्नेंसी में समस्या की वजह बन सकता है। ऐसे में अंडे के आकार को बढ़ाने के लिए आपको इन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**फॉलिक्युलर स्कैनिंग**-बता दें कि यह एक तरह का अल्ट्रासाउंड होता है। जिससे हर दिन या 2 दिन के बाद डॉक्टर अंडे के आकार और विकास को मॉनिटर करते हैं। इससे पता चलता है कि अंडा कितना बड़ा है और कब फूटने वाला है।

**हार्मोन थेरेपी या इंजेक्शन**-अगर अंडा छोटा रह जाता है तो डॉक्टर महिलाओं को FSH और HMG जैसे इंजेक्शन देते हैं। यह इंजेक्शन अंडे के विकास को तेज करते हैं। तो वहीं कई बार महिलाओं को ऑव्यूलेशन ट्रिगर इंजेक्शन भी दिया जाता है।

## सू- दोकू क्र.172

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.171 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

**एक नजर**

## सोलर पैनल लगवाने लोगों में उत्साह



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 17 सितम्बर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में नई राह खोल रही है। इस योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने लोग उत्साहित हैं। ग्राम अर्जुनी निवासी जावेंद्र कुमार सोनी ने अपने घर की छत पर 3 किलोवॉट क्षमता का सोलर सिस्टम स्थापित कराया है। श्री सोनी ने बताया कि उन्हें इस योजना की जानकारी जिला प्रशासन के सोशल मीडिया हैंडल से प्राप्त हुई। इसके बाद उन्होंने बिजली विभाग से संपर्क कर सम्पूर्ण प्रक्रिया पूरी की और शासन द्वारा निर्धारित सब्सिडी का लाभ उठाया। साथ ही अब बिजली के बिल से भी छुटकारा मिला है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना वास्तव में आमजन के लिए वरदान है। इस योजना से न केवल हमें मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देने का अवसर प्राप्त हो रहा है। मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। साथ ही अपील करता हूँ कि सभी लोग इस योजना से अवश्य जुड़ें।

## दानवीर भामाशाह सम्मान के लिए प्रविष्टियां 21 तक

**बीजापुर 17 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति/संस्था को दानवीर भामाशाह से अलंकृत किया जाता है। चयनित व्यक्ति/संस्था को सम्मान के रूप में 1.00 लाख रूपए की राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। संचालक समाज कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला कलेक्टर को पत्र जारी कर दानशीलता सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्तियों/संस्थाओं की प्रविष्टि दानवीर भामाशाह सम्मान 2025 हेतु 21 सितंबर 2025 से पूर्व अनुशंसा सहित प्रविष्टि संचालनालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है।

## प्लेसमेंट कैंप 24 को

**बीजापुर 17 सितम्बर।** निजी क्षेत्र के संस्थानों में रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक समस्त 18 वर्ष से अधिक उम्र के आवेदकों को सूचित किया जाता है कि प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से अर्हताधारी आवेदकों का चयन कर कुल 1300 पदों पर भर्ती किया जाना है। जिसमें अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, टाटा, महिन्द्रा, लॉजिस्टिक आदि के वेयर हाऊस में कार्य करने हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बीजापुर में 24 सितम्बर 2025 को प्रातः 11:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक इच्छुक अभ्यर्थी समस्त दस्तावेजों के साथ प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नम्बर 9743535210 में संपर्क कर सकते हैं।

## कोटरी का शिकार,4 लोगों के खिलाफअपराध पंजीबद्ध

**राजनांदगांव 16 सितम्बर ।** वन मंडल राजनांदगांव के वन परिक्षेत्र उत्तर बोरतलाव के उप वृत्त कोलारघाट के कक्ष क्रमांक 419 में रात्रिकालीन गश्ती दल द्वारा गश्त के दौरान मिसिया बाड़ा डोंगरगढ़ निवासी जय डेनियल, डोंगरगढ़ निवासी नील फ्रांसिस, वार्ड नंबर 9 डोंगरगढ़ निवासी विशाला उर्फ इशान एवं कोलारघाट निवासी विश्वनाथ गोड़ द्वारा वन्यप्राणी कोटरी का शिकार के प्रकरण में वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। अपराधिक प्रकरण में संलिप्त चारों अपराधियों को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी डोंगरगढ़ के समक्ष प्रस्तुत कर रिमांड में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## शिशुओं को स्वर्ण प्राशन 17 को

**कांकेर, 16 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में 'हर दिन हर घर आयुर्वेद' थीम पर शिशुओं व बच्चो को 17 सितम्बर दिन-बुधवार को पुष्य नक्षत्र में 'स्वर्ण प्राशन' कराया जाएगा।

# विधायक ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

## आम नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव मदद का दिलाया भरोसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 16 सितंबर।** किरंदुल औधोगिक नगर में दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक चेतराम अटामी ने नगर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से मटन मार्केट एवं आसपास के जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण किया, जहां हाल ही में भारी बारिश के चलते लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

विधायक ने मौके पर जल निकासी व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया।अधिकारियों को साफ-सफाई और नालों की तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बाढ़ पीड़ित परिवारों को शीघ्र राहत और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने पर बल दिया। आम नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।



विधायक चेतराम अटामी ने स्पष्ट कहा कि जनसेवा ही उनकी प्राथमिकता है किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति समय पर सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को तुरंत राहत मिल सके।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीयों की सक्रियता- निरीक्षण के दौरान दंतेवाड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह, पुर्व अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, पार्षद राजकुमार सोनी, भाजपा नेता जय दिप माखन,सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों की सक्रिय उपस्थिति और तत्परता ने यह संदेश दिया कि संकट की घड़ी में जनता अकेली नहीं है, बल्कि उनके प्रतिनिधि हमेशा साथ खड़े हैं। क्षेत्रिय विधायक चेतराम अटामी की जनसमर्पित नेतृत्व शैली और हर स्थिति में जनता के बीच पहुंचकर समस्याओं का समाधान करने का जज्बा उन्हें और भी लोकप्रिय बनाता है।

वहीं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह साथ में पुर्व अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह एवं शासन प्रशासन के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता यह दर्शाती है कि जनसेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है। किरंदुलवासियों ने उम्मीद जताई कि इस प्रकार की तत्परता से नगर की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

## सुरोखी में बाढ़ से प्रभावितों को राहत सामग्री का वितरण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 17 सितम्बर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा ग्राम सुरोखी मे बाढ़ से प्रभावित 18 परिवारों के कुल 86 हितग्राहियों को राहत सामग्री वितरण किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती दसरी कोरसा, उपाध्यक्ष जनपद जितेंद्र लेकाम, जिला पंचायत सदस्य समान्तीन कोरसा, जनपद पंचायत सदस्य, पंचायत के सरपंच पंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

राहत सामग्री पाकर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया और जनप्रतिनिधियों से आवश्यक चर्चा भी किए। राहत सामग्री में दैनिक उपयोगी वस्तुएं बर्तन, कपड़े तथा राशन सामग्री उपलब्ध कराया गया।

## जनदर्शन में आम लोगों की समस्याएं सुनी और निराकरण के दिए निर्देश

**जगदलपुर, 17 सितम्बर।** कलेक्टर श्री हरिस एस के मार्गदर्शन में कलेक्टर कार्यालय में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल ने आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में दूर-दराज से आए ग्रामीणजन और नागरिकों ने अपनी-अपनी शिकायतें और समस्याएं रखीं। अपर कलेक्टर ने सभी आवेदकों से मिलकर उनकी शिकायतों एवं समस्याओं को विस्तार से सुना और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान समय-सीमा में और प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि निराकरण के संबंध में संबंधित आवेदकों को भी सूचित किया जाए।



## योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग समन्वय बनाएं : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 16 सितम्बर।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने कहा कि आगामी दिनों में आयोजित होने सभी कार्यक्रम को सभी विभाग समन्वय से क्रियान्वित कर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। साथ ही कार्यक्रमों के आयोजन उपरांत उनकी ऑन लाइन रिपोर्टिंग भी कराना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर की अध्यक्षता में सोमवार की शाम आयोजित समय-सीमा की बैठक में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान, सेवा पखवाड़ा और आदि कर्मयोगी कार्यक्रम आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की



समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम हेतु आवश्यक तैयारी करने और प्रधानमंत्री से संवाद करने वाली महिलाओं का चिन्हांकन का संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक महिलाओं, गर्भवती माताओं और अन्य लाभार्थियों को इस अभियान से जोड़कर योजनाओं का लाभ देवें। इसके अलावा आदि कर्म योगी कार्यक्रम के तहत जिले के 377 ग्रामों को चिन्हांकित किया गया है, जिसके लिए 81 कलस्टर बनाकर स्थानीय आवश्यकता के आधार पर विकास कार्यों का चयन किया जाना है। इस हेतु प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया था, इसके नोडल अधिकारी सभी गतिविधियों पर निगरानी रखेंगे। कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री-कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत के लम्बित प्रकरणों के निराकरण की स्थिति और आमचो बस्तर पोर्टल पर शिकायत के प्रकरण पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला खनिज न्यास संस्थान के मद से विकास कार्यों, खाद्यान्न भंडारण की व्यवस्था, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के क्रियान्वयन और पंजीयन, शिक्षा विभाग से बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने, स्वास्थ्य विभाग के कार्यों, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों, जल जीवन मिशन के कार्यो, कौशल विकास प्राधिकरण के प्रशिक्षण कार्य आदि की समीक्षा की गई।

## शासकीय दंतेश्वेरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 16 सितंबर।** शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में सोमवार 15 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष राहुल असरानी एवं प्राचार्य डॉ. के .एम. प्रसाद के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया ।हिंदी विभाग के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभाग के अतिथि व्याख्याता डॉ. चंद्रेश साहू और सुश्री कामिनी देवांगन ने हिंदी के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया,हिंदी की महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए आज के परिपेक्ष में हिंदी हमारे जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है इस विषय पर छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया । कार्यक्रम में विभाग अध्यक्ष मनोविज्ञान डॉ. दिनेश कुमार लहरी ने छात्र-छात्राओं को अपनी कविता और अभिप्रेरणा से हिंदी हमारे दैनिक जीवन में और हमारे व्यक्तित्व के विकास के लिए कितना महत्वपूर्ण है इस विषय पर प्रकाश डालते हुए अपनी बात छात्र -छात्राओं के बीच रखा । कार्यक्रम की समापन पर शिक्षकों ने सभी छात्र एवं छात्राओं को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई ।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक,सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




## शिविर में पंजीकृत18श्रमिकों का नवीनीकरण व 73 श्रमिकों का नवीन पंजीयन किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 16 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए पंजीयन, नवीनीकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सुरही में लगाया गया, जिसमें पंजीकृत 13 श्रमिकों का नवीनीकरण व 73 श्रमिकों का नवीन पंजीयन किया गया। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 96 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। उक्त शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच, पंचगण, श्रम निरीक्षक सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। श्रम पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार श्रम एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 16 सितम्बर को ग्राम छोटेकापसी, पखांजूर एवं 19 सितम्बर को चारामा विकासखण्ड के ग्राम कुर्रूभाट में निर्माण श्रमिकों के लिए पंजीयन, नवीनीकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।



## मॉडल कॉलेज के सेमीनार के प्राचार्य ने छग की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला

**जगदलपुर, 16 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रजत जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, जगदलपुर में 15 सितम्बर 2025 को छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों की विकास यात्रा विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे ने स्वागत उद्बोधन देते हुए छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों की विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य गठन के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और बुनियादी ढांचे में हुई प्रगति पर चर्चा की तथा महाविद्यालय परिवार और विद्यार्थियों से इस विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर के हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. योगेन्द्र मोतीवाला ने ÷विकासशील छत्तीसगढ़ से विकसित छत्तीसगढ़ 25 सालों की विकास यात्रा÷ विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने राज्य की उपलब्धियों, नीतियों, योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं पर भी चर्चा की।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से मिला पक्का मकान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 17 सितम्बर।** विकासखंड गीदम अंतर्गत ग्राम पंचायत कौरगांव के श्री इंदर राम के चेहरे पर इन दिनों खुशियों की चमक साफ झलक रही है। वजह है प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत मिला नया आशियाना। इस क्रम में श्री इंदर राम बताते है कि वहां एक कृषि मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे, लंबे समय से कच्चे घर में जीवन गुजार रहे थे। मिट्टी की दीवारें और फूस की छत बरसात के दिनों में अक्सर टपकने लगती थीं, जिससे उनका परिवार कई कठिनाइयों से जूझता था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पक्के मकान का सपना उनके लिए असंभव सा था।



लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने उनका यह सपना साकार कर दिया। वर्ष 2024-25 में पात्रता सूची में नाम आने के बाद इंदर राम को आवास निर्माण के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये की राशि मिली। इसके साथ ही मनरेगा के तहत 90 दिवस की मजदूरी का भुगतान भी सीधे उनके बैंक खाते में किया गया। नया मकान बनने के बाद इंदर राम और उनके परिवार की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है। अब वे सुरक्षित छत तले रह रहे हैं, जहाँ आत्मसम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा की नई अनुभूति हो रही है। इंदर राम बताते हैं कि यह घर उनके लिए केवल चार दीवारें नहीं बल्कि आत्मविश्वास और नई उम्मीदों का प्रतीक है।

# रेशम की डोर से बुनी आत्मनिर्भरता की कहानी

## मलबरी रेशम कीटपालन से स्व-सहायता समूहों को मिली आर्थिक मजबूती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 17 सितम्बर।** कृषि विभाग, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन के अलावा कई ऐसे विभाग है जिन्होंने अपनी हितग्राही मूलक विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप से हितग्राहियों को लगातार लाभ पहुँचाया है। इसी कड़ी में रेशम विभाग द्वारा भी कई योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को प्रदान किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत रेशम कीट पालन कार्य के तहत हितग्राही समूहों को विभाग द्वारा स्वस्थ रेशम कीट अंडे उपलब्ध कराए जाते हैं। इन अंडों से हैचिंग से लेकर कोसा निर्माण तक की प्रक्रिया हितग्राही स्वयं करते हैं। इसके बाद तैयार हुए कोसों का विक्रय कर वे अच्छी आमदनी अर्जित कर पा रहे हैं। योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए जिले में विभिन्न रेशम कीट पालन स्व-सहायता समूह गठित किए गए हैं।



इसी क्रम में शासकीय रेशम केन्द्र, चितालंका की महिला स्व-सहायता समूह द्वारा मलबरी रेशम कीट पालन का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी अनुसार इस वर्ष टसर रेशम कीट पालकों द्वारा 1300 स्वस्थ अंडों का कीट पालन किया गया। मात्र 45 दिनों की अवधि में कृषकों ने 45,000 नग डाबा कोसा का उत्पादन किया। इन कोसा का विक्रय कर समूह को 72,300 की आर्थिक आमदनी प्राप्त हुई।

प्रथम फसल से हुई इस आय ने हितग्राहियों का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ाया है। अब वे इस वित्तीय वर्ष में दूसरी एवं तीसरी फसल के लिए भी कीट पालन करने के लिए पूरी तरह तैयार और प्रेरित हैं।

## नम्बी गांव में अब हर घर तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 17 सितम्बर।** जिला बीजापुर के उसूर विकासखंड का नम्बी गांव, जो कभी विकास से कोसों दूर था, आज जल जीवन मिशन योजना के तहत एक प्रेरणास्पद सफलता की कहानी बनकर उभरा है। बीहड़ और दुर्गम जंगलों के बीच स्थित यह गांव, जहां बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना एक समय में असंभव सा प्रतीत होता था, अब छत्तीसगढ़ सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और नियद नेल्ला नार योजना की मदद से विकास की मुख्यधारा में जुड़ गया है।

जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत नम्बी गांव में कुल 28.18 लाख रुपये की लागत से तीन सौर ऊर्जा संचालित नलकूप स्थापित किए गए। इस योजना के अंतर्गत 5185 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई, जिससे गांव के 76 परिवारों को हर घर नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिल रहा है। यह गांव अब उन गांवों में शामिल हो गया है, जहां शत-प्रतिशत घरों में नल से जल की सुविधा उपलब्ध है।



15 जुलाई को नम्बी गांव में ग्राम सभा के तत्वाधान में हर घर जल उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव की सरपंच सुशीला काका, सचिव पांडा कावरे और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस दौरान, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांव को हर घर जल प्रमाणित किया गया। यह प्रमाणन दर्शाता है कि गांव के प्रत्येक घर में नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इस योजना के संचालन और संधारण की जिम्मेदारी अब पंचायत को सौंप दी गई है, जिससे गांव में जल आपूर्ति व्यवस्था स्थायीत्व की ओर अग्रसर हो रही है। पंचायत की निगरानी में यह योजना अब स्थानीय सहभागिता से और भी बेहतर तरीके से संचालित होगी।

एक नजर

### व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग पर कार्रवाई

**महासमुंद, 16 सितम्बर।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग की नियमित जांच की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य विभाग की जांच टीम द्वारा 08 सितम्बर को सरायपाली एवं 12 सितम्बर को बसना क्षेत्र के होटल एवं ढाबों में जांच के दौरान कुल 57 गैस सिलेंडर जप्त किया गया। जांच दल में सहायक खाद्य अधिकारी सरायपाली श्री हरीश सोनेश्वरी, खाद्य निरीक्षक सरायपाली श्री अविनाश दुबे, खाद्य निरीक्षक बसना श्री हेमंत वर्मा, खाद्य निरीक्षक पिथौरा श्री दिव्यांशु देवांगन एवं खाद्य निरीक्षक बागबाहरा श्री विवेक कुमार शामिल थे।जांच दल द्वारा सरायपाली में जांच के दौरान पंडित होटल, झिलमिला में 02 नग खाली, 03 नग आंशिक भरा एवं 03 नग सील पैक भरा हुआ कुल 08 नग गैस सिलेंडर जप्त किया गया। इसी प्रकार मंजीत ढाबा में 05 नग खाली, 04 नग आंशिक भरा एवं 03 नग सील पैक भरा हुआ कुल 12 नग गैस सिलेंडर, अमृत होटल में 02 नग खाली, 03 नग आंशिक भरा एवं 02 नग सील पैक भरा हुआ कुल 7 नग गैस सिलेंडर, शिवानी स्वीट्स में 05 नग खाली, 01 नग आंशिक भरा एवं 01 नग सील पैक भरा हुआ कुल 7 नग गैस सिलेंडर एवं बसना में जांच के दौरान बिकानेरी स्वीट्स में 02 नग सील पैक एवं 03 नग खाली कुल 05 नग गैस सिलेंडर, सत्कार फैमिली रेस्टोरेंट में 01 नग सील पैक एवं 03 नग आंशिक भरा कुल 04 नग गैस सिलेंडर, साहू होटल परसकेल में 03 नग खाली एवं 02 नग आंशिक भरा कुल 05 नग गैस सिलेण्डर, यादव होटल गढफुझर में 04 नग खाली एवं 01 नग भरा कुल 05 नग गैस सिलेंडर एवं लक्ष्मी गौरी भठोरी में 01 नग सील पैक, 02 नग खाली एवं 01 नग आंशिक भरा कुल 04 नग गैस सिलेंडर को जप्त किया गया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा की गई बैठक में

**महासमुंद, 16 सितम्बर ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत महासमुंद श्री हेमंत नंदनवार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जिले को आबंटित सितंबर एवं अक्टूबर 2025 के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में सीईओ श्री नंदनवार ने निर्देश देते हुए कहा कि जिले को प्राप्त दोनों माह के लक्ष्य शत-प्रतिशत समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराना अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि जिन आवासों का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें यथाशीघ्र आरंभ कराया जाए तथा सभी अपूर्ण आवासों का निर्माण कार्य निर्धारित अवधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए।

### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से ग्रामीण व शहरी युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

**महासमुंद 16 सितम्बर ।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में युवाओं को स्वरोजगार हेतु सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बेरोजगार युवाओं को उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करना है।

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि योजना के तहत निर्माण क्षेत्र में अधिकतम 50 लाख रुपए तथा सेवा क्षेत्र में अधिकतम 20 लाख रुपए तक का ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। ऋण स्वीकृति उपरांत शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत तक का अनुदान भी दिया जाएगा। निर्माण क्षेत्र के अंतर्गत फ्लाई एश ब्रिक्स, स्टोन कटिंग, अगरबत्ती, साबुन एवं वाशिंग पाउडर निर्माण, फेब्रिकेशन, दोना-पत्तल, फर्नीचर, आलमारी, स्टील रैक, कूलर निर्माण, पेपर कन्वर्टिंग (नोटबुक, रजिस्टर), प्लास्टिक आइटम, सीमेंट पोल-टाइल्स, वर्मी कम्पोस्ट, गोबर पेंट, बैग, रजाई-गद्दा, जूता-चप्पल निर्माण आदि उद्योग शामिल हैं।

कलेक्टोरेट में साप्ताहिक जनदर्शन का आयोजन

# कलेक्टर ने सभी की समस्याएं सुनी, निराकरण के दिए निर्देश



**रायगढ़, 16 सितम्बर।** जिला कलेक्टोरेट में प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों को गंभीरता से सुना। ग्राम सरवानी की श्रीमती निर्मला डनसेना ने आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की कि तत्कालीन पटवारी ने प्रमाणीकरण हेतु उनका मूल दस्तावेज और ऋण पुस्तिका जमा ली थी, जो आज तक वापस नहीं की गई। इस मामले में वर्तमान पटवारी के पास भी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। कलेक्टर ने इस पर संज्ञान लेते हुए संबंधित एसडीएम को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसी तरह ग्राम पंचायत पोड़ीछाल के सरपंच ने आश्रित ग्राम भून्डीबहरी के जर्जर प्राथमिक शाला भवन की समस्या रखते हुए नए भवन निर्माण की मांग की। कलेक्टर ने इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम पंचायत तेतला के अर्जुन निषाद ने शाकंभरी योजना के तहत सिंचाई पंप दिलाने, ग्राम औरदा की उर्मिला ने भूमि का राजस्व अभिलेख दुरुस्त कराने, ग्राम सरवानी के हरिराम ने कृषक पंजीयन में त्रुटि सुधार, ग्राम कोतमरा के रूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना की शेष किस्त उपलब्ध कराने तथा रायगढ़ के राजकुमार खटीक ने वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाने की मांग कलेक्टर के समक्ष रखी। मौके पर उपस्थित अन्य आवेदकों ने भी अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनदर्शन कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध, प्रभावी और संतोषजनक निराकरण है। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेते हुए हर प्रकरण का निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# आबकारी अमले ने 32 लीटर अवैध शराब सहित दो किया गिरफ्तार



**रायगढ़, 16 सितम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्री क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग रायगढ़ (उत्तर) द्वारा लगातार दो दिनों में दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर कुल 32.6 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। दोनों मामलों में एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कांटाहरदी निवासी श्याम बाई सिदार, उम्र 48 वर्ष, पति स्व.राधेश्याम सिदार, के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। श्याम बाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

एक अन्य प्रकरण में ग्राम देलारी मुख्य मार्ग पर सरायपाली की ओर से आ रहे वाहनों की सघन जांच के दौरान एक लाल-काले रंग की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई। बाइक के आगे रखे सफेद-हरे रंग के थैले से 113 नग पॉलिथीन पाउच (प्रत्येक में 200-200 मि.ली.) में भरी कुल 22.600 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। आरोपी नवीन यादव, निवासी ग्राम देलारी, थाना पूंजीपथरा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक अंकित अग्रवाल, मुख्य आरक्षक तुलेश्वर राठौर, आरक्षक कुलदीप ठाकुर, अनिशा तिर्की तथा शिव गोस्वामी का योगदान रहा।

# रक्सापाली में1.25 लाख रुपए से अधिक की कर वसूली



**रायगढ़, 16 सितम्बर।** खरसिया विकासखंड के ग्राम पंचायत रक्सापाली ने इस वर्ष कर वसूली में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पंचायत ने अब तक कुल 1,25,458 रुपए की राशि कर रूप में संकलित की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत क्षेत्र के 458 परिवारों द्वारा 1,20,658 रुपए की राशि संपत्ति कर के रूप में तथा 16 व्यवसायियों द्वारा 4,800 रुपए व्यवसाय कर के रूप में जमा किया गया है। इस प्रकार ग्राम पंचायत को कर संग्रह में पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।

कर वसूली की जिम्मेदारी पंचायत ने दुर्गा स्व-सहायता समूह को सौंपी थी। समूह की महिलाओं ने मेहनत और ईमानदारी से कर संग्रहण किया। विशेष बात यह रही कि इस बार कर संग्रहण पूरी तरह क्यूआर कोड के माध्यम से किया गया, जिससे पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित हुई। ग्रामीणजन भी कर भुगतान के लिए आगे आकर ग्राम विकास में सहयोग कर रहे हैं। इससे न केवल पंचायत को अधिक संसाधन मिल रहे हैं, बल्कि समूह की महिलाओं को अतिरिक्त आमदनी भी प्राप्त हो रही है, जिससे वे आर्थिक रूप से और अधिक आत्मनिर्भर बन रही हैं। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि कर से प्राप्त धनराशि का उपयोग ग्राम के समग्र विकास एवं बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने में किया जाएगा। कर वसूली में ग्राम पंचायत रक्सापाली के सरपंच, उपसरपंच, सचिव और पूरे पंचायत टीम का विशेष सहयोग रहा।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, ग्राम परसदा के अजय पटेल बने ऊर्जा उत्पादक



रायगढ़, 16 सितम्बर। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी ऊर्जा आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त कर रही है। इस योजना ने न केवल लोगों के घर-घर उजियारा फैलाया है, बल्कि आम उपभोक्ताओं को ऊर्जा उत्पादक और दाता के रूप में सशक्त भी किया है। ग्राम-परसदा निवासी अजय पटेल ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किया है। सौर ऊर्जा से उन्हें प्रत्यक्ष लाभ अब बिजली बिल में भारी बचत के रूप में मिल रहा है। जून 2025 माह में उनके सोलर प्लांट से 171 यूनिट बिजली उत्पादन हुआ। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें 79 रुपए की छूट प्राप्त हुई। वहीं, जुलाई 2025 माह में उत्पादन बढ़कर 190 यूनिट हुआ, जिससे उन्हें 250 रुपए की छूट मिली। हितग्राही अजय पटेल कहते हैं कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से हमें आर्थिक रूप से मजबूती मिल रही है। अब हर माह बिजली बिल चुकाने की चिंता से मुक्ति मिल गई है और बचत से घर के अन्य खर्च पूरे करने में आसानी हो रही है। यह योजना सिर्फ एक परिवार की राहत की कहानी नहीं है, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम भी है।बता दें कि सौर ऊर्जा के माध्यम से एक ओर आमजन को आर्थिक लाभ मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग से हरित भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। इस योजना का लाभ उपभोक्ताओं को पूर्णतः ऑनलाईन प्रक्रिया के तहत दिया जा रहा है।

### लाइवलीहुड कॉलेज में 18 को ऋण शिविर

धमतरी, 15 सितंबर 2025/ कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के किसानों और युवाओं के स्वरोजगार के लिए 18 सितम्बर को सुबह 11 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज में वृहद ऋण शिविर का आयोजन किया जाएगा। लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत इच्छुक हितग्राहियों का ऋण प्रकरण तैयार किया जाएगा। उन्होंने ऋण शिविर में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग में पंजीकृत ऐसे किसान, जो पीएमएफएमई के तहत व्यवसाय, इकाई निर्माण करना चाहते हैं, बिहान योजना के तहत समूह की महिलाएं एवं कौशल उन्नयन योजना के तहत विभिन्न गतिविधि में प्रशिक्षित ऐसे युवा जो पीएमईजीपी के तहत स्वरोजगार स्थापित करना चाहते हैं, उन्हें शिविर में अधिक से अधिक सम्मिलित होने का अनुरोध किया है, ताकि लाभार्थियों का उद्योग विभाग के द्वारा ऑनलाईन पंजीयन एवं ऋण प्रकरण तैयार किया जा सके।

# पीएम केयर्स योजना के बच्चों संग कलेक्टर ने किया आत्मीय संवाद



**रायगढ़, 16 सितम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी से आज जिला कलेक्टोरेट में पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना से लाभान्वित बच्चों ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनकी पढ़ाई, स्वास्थ्य और करियर की तैयारी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को उपहार भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने योजना के अंतर्गत बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की और उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कैरियर मार्गदर्शन हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि वे उच्च शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी प्रभावी ढंग से कर सकें।

कलेक्टर ने कहा कि कैरियर मार्गदर्शन बच्चों के आत्मनिर्भर भविष्य की नींव है। इससे न केवल उनका जीवन सुरक्षित होता है, बल्कि उन्हें समाज में अपनी पहचान बनाने और आर्थिक रूप से सक्षम बनने का अवसर मिलता है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री एल.आर.कच्छप ने बताया कि रायगढ़ जिले में वर्तमान में 14 बच्चे पीएम केयर्स

# मछलीपालन का हक मिलने पर समितियों ने सीएम साय का अभिनंदन किया



धमतरी, 16 सितंबर । गंगरेल बांध डुबान क्षेत्र की मछुआ सहकारी समितियों को पुनः मछली पालन का हक मिलने पर प्रभावित समितियों के सदस्यों ने विगत दिवस मुख्यमंत्री निवास पहुँचकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए अभिनंदन किया। इस अवसर पर गंगरेल डुबान क्षेत्र के तीन जिलों-धमतरी, कांकेर और बालोद की 11 मछुआ सहकारी समितियों के सदस्यगण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर ग्रामीणों की मांग पर डुबान क्षेत्र में जनसुविधा हेतु एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने और राष्ट्रीय बैंक की शाखा शीघ्र खोले जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गरीबों और वंचितों के उत्थान के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर ही स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हों और लोग सीधे लाभान्वित हो सकें।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ राज्य सहकारी मत्स्य महासंघ मर्यादित, रायपुर, द्वारा गंगरेल जलाशय को श्री गोपाल कृष्ण साहू, निवासी कांकेर को राशि रूपये 1.16 करोड प्रतिवर्ष की दर से नीलामी में वर्ष 2023 में प्रदान किया गया था। गंगरेल जलाशय में 10 से अधिक मछुआ सहकारी समितियां कार्यरत हैं। जिसमें 1200 से अधिक मछुआ परिवार मत्स्याखेट कर अपनी आजीविका गंगरेल जलाशय से प्राप्त करते थे। वर्ष 2023 से पूर्व में गंगरेल जलाशय को समितियों को लीज पर प्रदान किया जाता था, जिससे गंगरेल जलाशय में कार्यरत मछुआ परिवारों को सुलभ आजीविका हेतु मछली प्राप्त होती थी। परन्तु वर्ष 2023 के बाद गंगरेल जलाशय की नीलामी से मछुआ परिवारों को काम मिलना कम हो गया, जिससे उनके आजीविका बुरी तरह प्रभावित हुआ। गंगरेल जलाशय में कार्यरत मछुआ सहकारी समितियों द्वारा जिला स्तर पर कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा को अपनी समस्या से अवगत कराया ।

### छत्तीसगढ़ में 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों के निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**रायपुर, 16 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार नए आयाम जुड़ रहे हैं। प्रदेश सरकार ने चिकित्सा शिक्षा को और मजबूत करने के लिए बड़ा निर्णय लेते हुए 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों के निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों के निर्माण से न केवल युवाओं को नए अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिन जिलों में नए फिजियोथेरेपी कॉलेज स्थापित होंगे ।

# जिले में सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी सेवा अभियान 17 सितम्बर से

**महासमुंद, 16 सितम्बर।** सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी सेवा अभियान के तहत जिले में विभिन्न विभागों द्वारा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिसके तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 17 सितम्बर को आदि सेवा केन्द्रों का शुभारम्भ किया जाएगा। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग द्वारा 18 सितम्बर को स्वास्थ्य परीक्षण, सिकल सेल, एनीमिया जांच एवं सलाह, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। 19 सितम्बर को वन एवं पर्यावरण, स्कूल शिक्षा, महिला बाल विकास, पंचायत विभाग द्वारा ग्राम के सभी शासकीय परिसर एवं अन्य स्थानों पर वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा। खाद्य, सहकारिता एवं पंचायत विभाग द्वारा 20 सितम्बर को राशन कार्ड, उज्ज्वला गैस, पेंशन, मनरेगा, जॉब कार्ड पंजीयन एवं वितरण तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी।इसी तरह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 21 सितम्बर को महिला स्व सहायता समूहों के उत्पादों के उत्पादों की बिक्री एवं वित्तीय सलाह दी जाएगी, 22 सितम्बर को ग्राम के विकास के लिए चौपाल एवं परिचर्चा आदि सेवा केन्द्रों पर की जाएगी तथा 23 सितम्बर को कौशल विकास पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। राजस्व विभाग द्वारा 24 सितम्बर को आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन एवं अन्य राजस्व मामलों के लिए आवेदन जैसे नामांतरण, बंटवारा आदि का निराकरण किया जाएगा।

# कोकिया नदी पर बनेगा पुल



**जशपुरनगर 16 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी ने जशपुर जिले के लिए एक और बड़ी सौगात दी है। भालूमुंडा से खेजूरघाट मार्ग पर कोकिया नदी पर लगभग 3 करोड़ 32 लाख की लागत से उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। निविदा प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और पूर्ण होने के पश्चात अब शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू जायेगा।क्षेत्र वासियों ने इस कार्य की मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है।

क्षेत्र के दर्जनों गांव होंगे लाभान्वित-इस पुल के बनने से फरसाबहार ब्लॉक के कोरंगामाल, भालूमुंडा, पेटामेरा, अंकिरा, खरीबहार, जुड़वाइन, सागजोर, परेवाआरा समेत दर्जनों गांव सीधे ओडिशा राज्य से जुड़ जाएंगे।वहीं रेडेघाट, सोनाजोरी, बनखेता, माटीहेजा जैसे गांव भी विकासखंड मुख्यालय से जुड़कर तेज़ी से विकास की मुख्यधारा में शामिल होंगे।

### बरसात में हो रही है परेशानी से मिलेगी राहत

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में कोकिया नदी पार करना हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है। अक्सर पानी बढ़ जाने से आवाजाही रुक जाती थी, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और कामकाजी लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब पुल बनने से यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी और ग्रामीणों को सुरक्षित व सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा।साथ ही विकासखंड मुख्यालय एवं ओडिशा राज्य की ओर आवागमन के लिए दूरी कम हो जाएगी।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने 77 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया

**रायपुर, 16 सितंबर ।** राज्य के नागरिकों को उच्च गुणवत्तायुक्त औषधियां उपलब्ध हो सके इस हेतु राज्य के औषधि निरीक्षकों के द्वारा प्रदेश के औषधि प्रतिष्ठानों में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और प्रावधानों के उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाहियां की जा रही है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा पिछले एक हफ्ते में कुल 77 औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया जिसमे से 13 फर्मो क्रमशः खत्री मेडिकल स्टोर्स कवर्धा, शारदा मेडिकल स्टोर्स कवर्धा, ओम चंद्रवंशी मेडिकल स्टोर्स कवर्धा, कृष्ण मेडिकल स्टोर्स कवर्धा , रियाण पूर्ण मेडिकल स्टोर्स कवर्धा, आकाश मेडिकल स्टोर्स कोंडागांव, धन्वन्तरि मेडिकल भिलाई, संजीवनी मेडिकल पिथोरा, श्री राम मेडिकल कांकेर, निषाद मेडिकल बलौदाबाजार, वेलकरे मेडिकल सोमनी राजनांदगाव, वेद मेडिकल बसना, सत्यम मेडिकल बसना में अनियमितता पाए जाने पर प्रसाशनिक कार्यवाही हेतु अनुज्ञापन प्राधिकारी को प्रेषित किया गया है। उक्त निरीक्षण किये गए फर्मो में से कुल 8 फर्मो में ष्टष्टञ्जङ्क कैमरा इनस्टॉल नहीं पाया गया, जिन्हे 7 दिवस के भीतर इनस्टॉल करने हेतु निर्देशित किया गया। राज्य में औषधियों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने हेतु विभाग के औषधि निरीक्षको के द्वारा जाँच हेतु नियमित नमूना संग्रहण किया जा रहा है। इसी कड़ी में पिछले एक हफ्ते में कुल 11 औषधियों का विधिक नमूना संकलन किया गया एवं जाँच हेतु राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। इसी तरह विभाग द्वारा कुल 05 ब्लड सेंटर्स और 4 निर्माण इकाईयों का निरीक्षण किया गया एवं आगामी कार्यवाही हेतु रिपोर्ट मुख्यालय प्रेषित किया गया।

# एशिया कप-2025 में भारतीय बास्केटबॉल टीम सेमीफाइनल में पहुंची



**महासमुंद, 16 सितम्बर।** अंडर 16 वूमेंस एशिया कप 2025 का आयोजन मलेशिया में 13 से 19 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारतीय अंडर 16 महिला बास्केटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ से महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी शामिल है। इसके अलावा भारतीय टीम में तमिलनाडु, कर्नाटका, केरल, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना के खिलाड़ी शामिल हैं। एशिया कप में इंडिया टीम ने शानदार खेल खेलते हुए पहले मैच में ईरान को 70 - 67 अंकों से हराया, दूसरे मैच में इंडिया ने उज्बेकिस्तान को 81- 69 अंकों से हराया, तीसरे मैच में इंडिया ने समोआ को 71 - 54 के बड़े अंतर से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एशिया कप में लगातार 3 मैच जीतकर भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया है तथा सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारतीय टीम 18 सितंबर को सेमीफाइनल मैच खेलेगी।

प्रदेश व जिले में खुशी की लहर है। सेमीफाइनल में प्रवेश करने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ के श्री राजीव जैन अध्यक्ष, चेयरमैन श्री विजय अग्रवाल, श्री नरेश डाकलिया, श्री राजीव चैबे, श्री राजेश गौर, भारतीय टीम के मुख्य प्रशिक्षक अनिथा पॉलदुरई, सहायक प्रशिक्षक श्री रोहित एवं श्री उमा कांत, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चैधरी, विधायक महासमुंद श्री योगेश्वर राजू सिंहा, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, सीईओ एवं खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी।

# टेली मेडिसिन सेवाओं से दूरस्थ अंचल के ग्रामवासियों को करें लाभान्वित:कलेक्टर



रायगढ़, 16 सितम्बर। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने टेली मेडिसिन का व्यापक प्रचार प्रसार दूरस्थ इलाकों के ग्रामीण क्षेत्रों में करने के निर्देश संबंधित एसडीएम और स्वास्थ्य विभाग को दिए गए। उन्होंने कहा कि इस पहल से लोगों को हर बार जिला मुख्यालय तक आने की जरूरत नहीं होगी। हमारा प्रयास होना चाहिए कि अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ मिले। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य विभाग से जुड़े निर्माण कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि अब तक डेंगू का कोई केस नहीं आया है ये राहत की बात है। इसके लिए स्वास्थ्य और नगर निगम ने फील्ड पर सतर्कता और सक्रियता से काम किया है। यही सतर्कता आगे नवंबर-दिसंबर माह तक बनाए रखना जरूरी है। आयुष्मान कार्ड और वय वंदन योजना निर्माण के बारे में स्वास्थ्य विभाग से जानकारी ली। उन्होंने प्रतिदिन के टारगेट के अनुसार कार्ड निर्माण और अपडेशन के बारे में आंकड़े की समीक्षा की। जहां अपेक्षानुरूप प्रगति नहीं दिखी वहां कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने भू-अर्जन के पश्चात सभी तहसीलों में भू-अभिलेख रिकॉर्ड दुरुस्ती की जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों से अपडेटेड रिकॉर्ड प्रदान करने के निर्देश दिए, जिससे तहसीलों में रिकॉर्ड सुधार पूर्ण किया जा सके। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने प्राप्त जानकारी के आधार पर पटवारियों के माध्यम से रिकॉर्ड अपडेट करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने रायगढ़ जिले के छात्रावास में अन्य जिलों से पढ़ रहे छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए उक्त जिले में पत्राचार कर जानकारी भेज कर प्रमाण पत्र बनवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने आदि कर्मयोगी योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी स्तरों पर प्रशिक्षण के पश्चात योजनानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को इसमें अपनी योजनाओं से संबंधित तैयारी पूरी रखने के निर्देश दिए।

एक नजर

## युवराज सिंह-रॉबिन उथप्पा से ईडी करेगी पूछताछ

### सट्टेबाजी एप के प्रचार का मामला




**नई दिल्ली, 16 सितंबर।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) ने नोटिस भेजा है। इन दोनों खिलाड़ियों से ऑनलाइन बेटिंग एप के प्रमोशन मामले में पूछताछ की जाएगी। इसी मामले में आज बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। रॉबिन उथप्पा को 22 और युवराज को 23 सितंबर को दिल्ली स्थित ईडी हेडक्वार्टर में अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद को भी 24 सितंबर को पेश होने का समन भेजा गया है। इन सबसे मनी लॉन्ड्रिंग के नजरिए से भी पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा सोमवार को इसी मामले में पूर्व टीमएसी सांसद और एक्टर मिमी चक्रवर्ती का बयान भी दर्ज किया है। श्वष्ठ इस केस में शिखर धवन, सुरेश रैना और हरभजन सिंह से पहले ही पूछताछ कर चुकी है। यह जांच अवैध बेटिंग ऐप्स से जुड़ी है। कंपनी पर आरोप है कि उसने लोगों और निवेशकों से करोड़ों रुपए की ठगी की है या बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी की है। कंपनी का दावा है कि एक वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त बुकी है, जो पिछले 18 सालों से बेटिंग इंडस्ट्री में है। इसके ग्राहक हजारों खेल आयोजनों पर दांव लगा सकते हैं।

# भारत-पाक मैच विवाद में आईसीसी का निर्णय- मैच रेफरी नहीं हटाएंगे

**दुबई, 16 सितंबर।** भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। सूत्रों के मुताबिक भारतीय टीम ने यह फैसला अचानक नहीं लिया। इसमें BCCI और सरकार दोनों की सहमति थी कि मैच तो खेलेंगे, लेकिन दोस्ताना माहौल नहीं दिखेगा। रविवार को खेले गए इस मैच में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया था।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नो हैंडशेक मामले की शिकायत ICC से की थी और मैच रेफरी को हटाने की मांग की है। ICC ने इस मांग को खारिज कर दिया है।

**पूरे टूर्नामेंट में हाथ नहीं मिलाएगी टीम इंडिया**

पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने का यह सिलसिला पूरे टूर्नामेंट में जारी रहेगा। खिलाड़ियों, BCCI और सरकार के बीच इस पर आपसी सहमति है। BCCI की ओर से ऑफिशियल रिएक्शन अभी नहीं आया है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक अगर भारतीय टीम 28 सितंबर को होने वाले फाइनल में पहुंचती है और जीतती है, तो वह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी से ट्रॉफी नहीं लेगी। नकवी इस समय एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष भी हैं।

**भारत-पाकिस्तान 21 सितंबर को फिर भिड़ सकते हैं**




21 सितंबर को दोनों टीमें सुपर-4 राउंड में दोबारा आमने-सामने हो सकती हैं और वहां भी भारत का यही रुख रहेगा। हालांकि, इसके लिए पाकिस्तान को यूएई को हराना होगा।

**पाकिस्तान ने रेफरी को हाथ न मिलाने का जिम्मेदार बताया**

भारतीय टीम के हाथ न मिलाने पर पाकिस्तान ने इसकी शिकायत मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट से की। आरोप लगाया कि भारतीय टीम ने खेल भावना नहीं दिखाई। PCB का आरोप है कि रेफरी ने टॉस के बाद दोनों कप्तानों को हाथ न मिलाने के लिए कहा था और यह भारतीय टीम के दबाव में किया गया।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने सोमवार को कहा- PCB ने पायक्रॉफ्ट को तत्काल बाहर करने की मांग की है। उन्होंने ICC कोड ऑफ कंडक्ट और क्रिकेट के स्पिरिट का पालन नहीं किया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऐसा नहीं होने पर पाकिस्तान टूर्नामेंट से हट सकता है। एशियन क्रिकेट काउंसिल या भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं आया है।

**पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर भी विवाद में कूदे**

इस हैंडशेक कंट्रोवर्सी में पाकिस्तान के कई पूर्व क्रिकेटर भी कूद गए हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने कहा- अगर पहलगाम की ही बात है तो भारत हमसे जंग लड़ ले। क्रिकेट में इन बातों को मत लाओ।

वहीं, पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा कि भारतीय टीम ने मैच में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन, यह सिर्फ क्रिकेट मैच था। इसमें राजनीति नहीं लानी चाहिए। पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने कहा- क्रिकेट को क्रिकेट ही रहने दें, इसमें सियासत न करें।

**सूर्या ने कहा था- कुछ बातें खेल भावना से ऊपर होती हैं**

मैच के बाद हैंडशेक कंट्रोवर्सी पर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा - कुछ बातें खेल भावना से ऊपर होती हैं। टीम मैनेजमेंट ने यह फैसला BCCI और भारत सरकार की सहमति से लिया था। भारतीय टीम पहलगाम हमले के पीड़ितों के साथ खड़ी है और यह जीत भारतीय सैन्य बल को समर्पित है।

बीते 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थक आतंकियों ने 26 भारतीयों की धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इसके बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। साथ ही पाकिस्तान के नौ एयरबेस भी उड़ा दिए थे।

## लगातार दो जीत के साथ सुपर-4 के करीब पहुंची श्रीलंका




**दुबई, 16 सितंबर।** एशिया कप 2025 में 15 सितंबर को दो-दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में यूएई ने ओमान को 42 रनों से हराया और ओमान को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में श्रीलंका ने हांगकांग को आसानी से हराया। दूसरे मैच की बात करें तो वहां हांगकांग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका के सामने 150 रनों का टारगेट रखा था। इस टारगेट को हासिल करने के लिए श्रीलंका को काफी मेहनत करनी पड़ी और अंत में उन्होंने 4 विकेट से जीत दर्ज की। यह इस टूर्नामेंट में श्रीलंका की दूसरी जीत है। श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी हांगकांग की टीम को जीशान अली और अंशुमन राठ ने अच्छी शुरुआत दिलाई, दोनों ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। पहला झटका टीम को जीशान अली के रूप में लगा, वह 17 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए। नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने आए बाबर हयात 10 गेंदों में न सिर्फ4 रन बनाकर चलते बने। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए अंशुमन और निजाकत खान के बीच 61 रन की साझेदारी हुई। अंशुमन 46 गेंदों में 48 रन बनाकर आउट हुए। वहीं निजाकत ने 38 गेंदों में 52 रनों की पारी खेली। हांगकांग ने अपनी पारी में सिर्फ 4 विकेट गंवाए, फिर भी पूरी टीम सिर्फ 149 रन ही बना सकी। श्रीलंका की तरफ से दुष्मंता चमीरा ने दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने आई श्रीलंका को पहला झटका 26 के स्कोर पर लगा जब कुसल मेंडिस 14 गेंदों में 11 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नंबर तीन पर बैटिंग करने आए कामिल मिशारा भी आज बड़ी पारी नहीं खेल पाए और 18 गेंदों में 19 रन बनाकर चलते बने। निसंका इस मैच में भी अच्छी लय में दिख रहे थे और अर्धशतक लगाकर क्रीज पर सेट हो चुके थे लेकिन 68 के निजी स्कोर पर उन्हें रन आउट होकर पवेलियन लौटना पड़ा।

# स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप, आनंद कुमार ने जीता गोल्ड

**नई दिल्ली, 16 सितंबर।** भारत के आनंदकुमार वेलकुमार ने स्केटिंग में नया इतिहास रच दिया है। 22 साल के आनंदकुमार ने चीन में हुए स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वे स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने मेन्स सीनियर 1000 मीटर स्प्रिंट इवेंट में पहला स्थान हासिल किया। आनंदकुमार ने 1 मिनट 24.924 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड अपने नाम किया और भारत के पहले वर्ल्ड चैंपियन स्केटर बन गए।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दी बधाई**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आनंदकुमार की इस उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने X पर लिखा- स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 में सीनियर मेन्स 1000 मीटर स्प्रिंट में गोल्ड मेडल जीतने वाले आनंदकुमार वेलकुमार पर गर्व है। उनके धैर्य, गति और जज्बे ने उन्हें भारत का पहला वर्ल्ड चैंपियन बनाया है। उनकी यह उपलब्धि अनगिनत युवाओं को प्रेरित करेगी। उन्हें बधाई और भविष्य के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

**कंप्यूटर साइंस में पढ़ाई कर रहे आनंदकुमार**

आनंदकुमार वेलकुमार तमिलनाडु के युवा स्पीड स्केटर हैं। 19 जनवरी 2003 को जन्मे आनंदकुमार फिलहाल चेन्नई के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गिंडी से कंप्यूटर साइंस में पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने 2021 जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर इंटरनेशनल पर पहचान बनाई और इसके बाद 2022 एशियन गेम्स में 3000 मीटर टीम रिले में ब्रॉन्ज हासिल किया।

भारत के आनंदकुमार वेलकुमार ने स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वे स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय हैं। इसके बाद लोग लगातार आनंदकुमार के बारे में गूगल पर सर्च कर रहे है। पिछले कुछ दिनों का ग्राफ देखा जाए तो साफ समझ आता है कि उनका ग्राफ तेजी से बढ़ा है।

# एशिया कप 2025 : ओमान और हांगकांग का सफर खत्म

**दुबई, 16 सितंबर।** एशिया कप का आगाज हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन अभी से टीमों के बाहर होने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। ये एक छोटा टूर्नामेंट होता है, जो टीम पहले दो मैच हार जाती है, वो फिर अगले राउंड में नहीं जा पाती। इस बीच अब ओमान का खेल खत्म हो गया है। हालांकि ओमान का अभी भारत के खिलाफ मुकाबला बाकी है, लेकिन उससे पहले ही उसका बोरिया बिस्तार बंध गया है। इतना ही नहीं, हांगकांग का भी खेल करीब करीब समाप्त ही माना जाना चाहिए।



ओमान की टीम ने जब एशिया कप के लिए क्वालीफाई किया था, तब वहां काफी जश्न मना था, लेकिन अब दो मैच खेलने के बाद ही टीम का सफर समाप्त भी हो गया है। एशिया कप 2024 में ओमान का पहला मुकाबला पाकिस्तान से हुआ। इस मैच में उन्हें 93 रन से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद दूसरे मैच में उसका सामना यूएई से हुआ। इसमें भी उन्हें 42 रन से हार का सामना करना पड़ा है। दो मैच जीतने के बाद भी टीम कोई मैच नहीं जीत पाई और इसके साथ ही उसका सफर समाप्त हो गया है। हालांकि टीम को अभी 19 सितंबर को भारत के खिलाफ भिड़ना है। पहली बात तो भारत के खिलाफओमान मैच जीत ही नहीं पाएगा। लेकिन अगर ओमान की टीम जीत जाती है तो भी दो ही अंक होंगे, जो अगले राउंड में जाने के लिए नाकाफी होंगे।

ओमान ही नहीं, खेल तो हांगकांग का भी खत्म हो गया है। हांगकांग की टीम अब तक दो मैच इस साल के एशिया कप में खेल चुकी है और दोनों में उसे हार का ही सामना करना पड़ा है। हांगकांग को अपने पहले मैच में अफगानिस्तान से 94 रन से हार मिली और इसके बाद बांगलादेश ने भी उसे 7 विकेट से पीट दिया। अब आखिरी मैच में हांगकांग की टीम श्रीलंका से भी हार जाएगा। ऐसे में बिना कोई मैच जीते ही टीम को एशिया कप के इस सीजन से बाहर जाना पड़ेगा।

इसका मतलब ये हुआ कि दोनों ग्रुप की एक एक टीम अब बाहर हो चुकी है। हालांकि अभी तक भारत को छोड़कर बाकी किसी भी टीम ने सुपर 4 में अपनी जगह पक्की नहीं की है। जो भी टीम दो मैच जीतकर चार अंक अर्जित कर लेगी, उसकी सुपर 4 में जगह पक्की हो जाएगी। अब देखना है कि सुपर 4 में जाने वाली चार टीमें कौन सी होंगी।

## व्यापार

## OPPO India ने F31 5G सीरीज पेश की

**नई दिल्ली, 16 सितंबर।** OPPO India ने भारत में F31 5G सीरीज़ लॉन्च की है। एफ-श्रृंखला के ये सबसे नए स्मार्टफोन टिकाऊ और विश्वसनीय परफॉर्मेंस प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किए गए हैं।

इस नई सीरीज़ में तीन मॉडल, F31 Pro+, F31 Pro और F31 शामिल हैं। इनमें से हर मॉडल मजबूती, शक्तिशाली बैटरी, बेहतर हीट मैनेजमेंट और आधुनिक कनेक्टिविटी के लिए बनाया गया है। अपने सभी अपग्रेड्स के साथ F31 5G सीरीज़ भारत में 35,000 रुपये से कम मूल्य वर्ग में अब तक का सबसे स्मूथ और टिकाऊ स्मार्टफोन है।

भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप ड्यूरेबिलिटी भारत में ड्यूरेबिलिटी की मांग बहुत बढ़ गई है। हाल ही में काउंटरपॉईंट द्वारा किए गए एक सर्वे के मुताबिक स्मार्टफोन खरीदने वाले 79 प्रतिशत लोग ड्यूरेबिलिटी को सबसे अधिक महत्व देते हैं।

आधे से अधिक लोगों ने माना कि वो अक्सर अपने स्मार्टफोन को गिरा देते हैं। स्न31 5त्न सीरीज़ इसका समाधान पेश कर रही है। इस स्मार्टफोन में 360 डिग्री आर्मर बॉडी है, जिसमें मल्टी-लेयर एयरबैग संरचना आंतरिक पुर्जों को झटकों से सुरक्षा प्रदान करती है। ये स्मार्टफोन एयरोस्पेस-ग्रेड AM04 एलुमीनियम अलॉय फ्रेम से बने हैं, जो अपने पूर्ववर्ती के मुकाबले 10 प्रतिशत अधिक मजबूत हैं।

# त्योहारी मांग और जीएसटी सुधारों से कंज्यूमर सेक्टर को मिल सकती है रफ्तार : सिस्टेमैटिक्स

**नई दिल्ली, 16 सितंबर।** सिस्टेमैटिक्स रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार त्योहारी मांग और जीएसटी सुधारों के चलते वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में उपभोक्ता सेक्टर की स्थिति बेहतर होगी। हालांकि, ग्रामीण मांग अब भी नाजुक स्थिति में बनी हुई है। ग्रामीण बाजारों में रिकवरी आय वृद्धि से नहीं, बल्कि महंगाई घटने के कारण दिखाई दे रही है।

त्योहारी मांग और जीएसटी सुधारों के चलते वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में उपभोक्ता कंपनियों के नतीजे बेहतर होने की उम्मीद है। सिस्टेमैटिक्स रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि उपभोक्ता वस्तुओं में मामूली वृद्धि देखी गई है। वहीं विवेकाधीन खर्च अभी भी कोविड-पूर्व स्तरों से नीचे बना हुआ है।

वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के नतीजे सुस्त रहे, लेकिन तिमाही-दर-तिमाही सुधार पहले से ही दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, घटती महंगाई, सप्लाई चेन का सामान्य होना और त्योहारों के



मौसम की मांग, दूसरी छमाही में सेक्टर की रिकवरी को गति देंगे।

उपभोक्ता वस्तुओं की कंपनियों ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में राजस्व में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। वहीं बिक्री में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। दोनों संकेतक क्रमिक रूप से थोड़े बेहतर रहे।

शहरी मांग में सुधार के संकेत दिखे, जबकि ग्रामीण मांग स्थिर रही। हालांकि, प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों ने जूस, कार्बोनेटेड पेय, आइसक्रीम, डेयरी, सन और स्किन केयर उत्पाद, और पेंट जैसी श्रेणियों पर असर डाला।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति में कमी और व्यापक वितरण के कारण वित्त वर्ष 26 की दूसरी छमाही में वॉल्यूम मांग में सुधार की उम्मीद है। खाद्य और पेय पदार्थों को भी संभावित जीएसटी दरों में कटौती का लाभ मिल सकता है।

**ग्रामीण मांग की स्थिति नाजुक**

हालांकि, ग्रामीण मांग अब भी नाजुक स्थिति में बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण बाजारों में रिकवरी आय वृद्धि से नहीं, बल्कि महंगाई घटने के कारण दिखाई दे रही है। ग्रामीण परिवारों की खपत अब भी सरकारी ट्रांसफरों पर निर्भर है। घटती बचत, बढ़ता खाद्य खर्च और बढ़ती अनौपचारिक उधारी दबाव को और बढ़ा रही है। मजबूत मानसून ने कृषि उत्पादन को बढ़ावा दिया है, लेकिन फसलों की कम कीमतें कृषि आय को सीमित कर रही हैं।

**शहरों में गैर-जरूरी खर्च में हुई वृद्धि**

ग्रामीण उपभोक्ता विश्वास में मामूली सुधार हुआ है। वहीं शहरी विश्वास अभी भी निराशाजनक बना हुआ है। फिर भी, शहरों में गैर-जरूरी खर्च में फिर से वृद्धि होने लगी है, जिससे वर्ष की दूसरी छमाही में समग्र क्षेत्र में सुधार को बल मिल सकता है।

## 1 अक्टूबर से बदल जाएगा रेलवे का ये जरूरी नियम

**नई दिल्ली, 16 सितंबर ।** भारतीय रेलवे ने ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुकिंग में दलालों पर नकेल कसने और आम यात्रियों को राहत देने के लिए एक बड़ा बदलाव किया है। 1 अक्टूबर, 2025 से, किसी भी ट्रेन के लिए सामान्य आरक्षण की ऑनलाइन बुकिंग खुलने के बाद शुरुआती 15 मिनट के दौरान केवल आधार-प्रमाणित यूजर्स ही IRCTC की वेबसाइट या ऐप से टिकट बुक कर पाएंगे। यह नियम अभी तक सिर्फ तत्काल बुकिंग पर ही लागू था, जिसे अब सामान्य बुकिंग के लिए भी अनिवार्य कर दिया गया है। सामान्य टिकटों के लिए एडवांस बुकिंग यात्रा की तारीख से 60 दिन पहले, रोजाना आधी रात 12=20 बजे से शुरू होती है। नए नियम के अनुसार, 1 अक्टूबर से बुकिंग विंडो खुलने के बाद यानी रात 12.20 बजे से लेकर 12.35 बजे तक, केवल वही यात्री टिकट बुक कर पाएंगे, जिनका IRCTC अकाउंट उनके आधार कार्ड से वेरिफाइड होगा।


**न्यायालय तहसीलदार पिपरिया तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम**

ई-कोर्ट प्रकरण क्रमांक............
/ब-121 वर्ष 2024-25
ग्राम-..............................
क्रमांक/597/वाचक/ना.तह./2025
पिपरिया दिनांक 15/9/2025

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को समस्त ग्रामवासीगण इंदौरी सूचित किया जाता है, कि आवेदक/आवेदिका लता नवरंगे निवास का पताः- ग्राम इंदौरी तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ द्वारा अपने पति विनय नवरंगे पिता-दयाराम, निवास का पता ग्राम-इंदौरी-तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ है, जिनका मृत्यु ग्राम इंदौरी तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ में दिनांक-05/03/2018 को हुआ है जिनकी मृत्यु तिथि शासकीय दस्तावेजों में दर्ज कराये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं।

अतः उपर्युक्तानुसार वर्णित पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा-आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई तिथि 30/9/2025 तक स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सुनवाई तिथिः- 30/09/2025
जारी तिथिः- 15/09/2025

न्यायालय तहसीलदार पिपरिया
मुहर
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)


# वैश्विक अनिश्चितता का असर सोना 1.10 लाख रुपए के पार

**नई दिल्ली, 16 सितंबर ।** सोने की कीमतें मंगलवार को रिकॉर्ड 1,10,000 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार निकल गई हैं। इसकी वजह वैश्विक अनिश्चितता के साथ अमेरिकी फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती की संभावना को माना जा रहा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का दाम बढ़कर 1,10,180 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के डेटा के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3,679 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई है, जो कि पहले 3,685 डॉलर प्रति औंस पर थी।

बाजार के जानकारों के मुताबिक, अमेरिकी फेड की बैठक, जिसके नतीजों की घोषणा 17 सितंबर को होगी, में ब्याज दरों को घटाया जा सकता है। इसके साथ ही डॉलर भी कमजोर हो रहा है। इससे वैश्विक स्तर पर सोने और चांदी की कीमतों को सपोर्ट मिल रहा है।देश के ज्यादातर घरेलू बाजारों में 24 कैरेट सोने की कीमत 1.10 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार बनी हुई है। 24 कैरेट सोने की कीमत दिल्ली में 1,10,260 रुपए



प्रति 10 ग्राम, मुंबई में 1,10,450 रुपए प्रति 10 ग्राम, कोलकाता में 1,10,310 रुपए प्रति 10 ग्राम और चेन्नई में 1,10,770 रुपए प्रति 10 ग्राम है।

चांदी की कीमतों में भी तेजी बनी हुई है। एमसीएक्स पर चांदी की कीमत 1,29,600 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। इसके अलावा, विश्लेषकों ने मौजूदा तेजी को इलेक्ट्रिक वाहनों और सौर ऊर्जा से चांदी की बढ़ती औद्योगिक मांग से भी जोड़ा है। बाजार के पूर्वानुमानों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की 96.4 प्रतिशत संभावना है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार, भारत में गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में अगस्त 2025 में 23.3 करोड़ डॉलर का शुद्ध निवेश हुआ, जो जुलाई में दर्ज 13.9 करोड़ डॉलर से 67 प्रतिशत अधिक है।

## एयरटेल की धोखाधड़ी विरोधी मुहिम से ग्राहकों को होनेवाले वित्तीय नुकसान में आई कमी

**नई दिल्ली/रायपुर, 16 सितम्बर।** भारती एयरटेल ने आज घोषणा की है कि उसके द्वारा शुरू की गई एंटी-फ्रॉड पहलों के चलते साइबर अपराध की शिकायतों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। इस प्रभाव की पुष्टि हाल ही में गृह मंत्रालय (एमएचए) के भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई 4 सी) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से भी हुई है। गृह मंत्रालय-आई 4 सी के अनुसार, एयरटेल नेटवर्क पर वित्तीय नुकसान के मूल्य में 68.7 फीसदी की भारी गिरावट और कुल साइबर अपराध मामलों में 14.3 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि साइबर अपराधों पर रोक लगाने और ग्राहकों के लिए सुरक्षित नेटवर्क उपलब्ध कराने में एयरटेल का फ्रॉड डिटेक्शन समाधान बेहद असरदार साबित हुआ है। गृह मंत्रालय-आई4सी द्वारा किए गए विश्लेषण में सितंबर 2024 (जब एयरटेल का फ्रॉड और स्पैम डिटेक्शन समाधान लॉन्च नहीं हुआ था) ।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-IV/Boiler/TMD/P/W/TN-137/25/2711 — Marwa, dtd. 12.09.2025

NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-137/2025 : -

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) for supply and work as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No. | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/ Time of submission of bid. | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/S&P/ EE-IV/ Boiler/P/ T-218/25 | 8100046031 | Supply of seals with Fasteners for PAPH & SAPH of ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 08.10.2025 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @18%) | Rs. 14,910/- |
| 02. | 15-06/S&P/ EE-IV/ Boiler/P/ T-221/25 | 8100046081 | Supply of Outlet Lower Chute of Gravimetric Raw Coal Feeder Model EG-3651 at ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 08.10.2025 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @18%) | Rs. 12,500/- |
| 03. | 15-06/S&P/ EE-I/ TMD/P/ T-222/25 | 8100046133 | Work contract for out sourcing of manpower for deployment of Un-skilled workers for Assist in operation of Hydrogen Generation Plant & Workshop ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 08.10.2025 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @18%) | Rs. 11,000/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P)ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

SAVE ELECTRICITY

Samvad-45231/3

## एक नजर

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर रक्दान शिविर 17 को

**रायपुर, 16 सितंबर।** देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह के निर्देश पर एकात्म परिसर सहित प्रदेश के सभी जिला भाजपा मुख्यालयों में कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर दो अक्टूबर तक चलेगा। भाजपा पदाधिकारियों द्वारा उक्त अवसर पर मेकाहारा में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर फलों का वितरण भी वहां भर्ती मरीजों को किया जएगा। उक्त जानकारी भाजपा शंकर नगर मंडल के अध्यक्ष गणेश मंडल ने दी।

### साहित्यकार सुरजीत नवदीप के निधन पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर, 16 सितंबर।** प्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य कवि, अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों के लोकप्रिय मंच संचालक, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व सदस्य और धमतरी जिला हिंदी साहित्य समिति के संरक्षक सुरजीत नवदीप जी के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। यह हिंदी साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। नवदीप की सहज हास्य-व्यंग्य शैली, समाज की विसंगतियों पर गहरी दृष्टि और मंचीय उपस्थिति ने हिंदी साहित्य को नई ऊंचाइयां दी। आपकी रचनाएं और आपका व्यक्तित्व सदैव साहित्य प्रेमियों को प्रेरित करता रहेगा।

### अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर अभियंता दिवस पर सम्मानित

**रायपुर, 16 सितंबर।** अभियंता दिवस भारत रत्न महान अभियंता मोक्षगुंडम विश्वेश्वरेय्या की 165 वीं जयन्ती पर संयुक्त अभियंता आयोजन समिति द्वारा आयोजित अभियंता दिवस समारोह में रायपुर नगर पालिक निगम के अधीक्षण अभियंता श्री राजेश राठौर को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम के उत्कृठ अभियंता के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और उप मुख्यमंत्रीनगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में मंच पर संयुक्त अभियंता आयोजन समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र और स्मृतिचिन्ह प्रदत्त कर सम्मानित किया गया.

### एचएनएलयू में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर, 16 सितंबर।** हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचएनएलयू), रायपुर अपनी कौटिल्य सोसाइटी और सेंटर फ़ॉर डब्ल्यूटीओ एंड डब्ल्यूआईपीओ स्टडीज़, स्कूल फ़ॉर लॉ एंड टेक्नोलॉजी (एसएलटी) के माध्यम से और डीजीएस एसोसिएट्स लॉ फ़र्म के सहयोग से द्वितीय कौटिल्य सोसाइटी, एचएनएलयू निबंध लेखन प्रतियोगिता, 2025 का आयोजन कर रहा है। प्रतियोगिता का मुख्य विषय है जियोपॉलिटिकल टाइटरोप: इंडिया'ज़ ट्रेड पॉलिसीज़ एंड रेगुलेशन्स इन अ पोलराइज़्ड वर्ल्ड। यह प्रतियोगिता भारत में मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए खुली है। प्रतियोगिता के उप-विषय में फूड सिक्योरिटी और ट्रेड लॉ, आईपीआर और पब्लिक हेल्थ, ट्रेड लिबरलाइज़ेशन बनाम प्रोटेक्शनिज़्म शामिल हैं।

### विश्वकर्मा जयंती 17 को, राजधानी में होंगे विविध आयोजन

**रायपुर, 16 सितंबर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव धूमधाम से 17 सितंबर को राजधानी सहित प्रदेश भर में मनाया जाएगा। उक्त अवसर पर राजधानी स्थित औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कल कारखानों में श्रमिकों एवं उनके मालिकों द्वारा भगवान विश्वकर्मा का विधि विधान से पूजन किया जाएगा। वहीं ऑटो मोबाइल शॉप में वाहनों एवं ट्रेक्टरों का पूजन भी वहां कार्यरत कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। भगवान विश्वकर्मा पूजा का मुख्य आयोजन दुलार धर्मशाला बढ़ईपारा में सुबह 9 बजे से शाम सात बजे तक आयोजित किया गया है। पूजन प्रमुख भाजपा नेता प्रफूल्ल विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जवाहर मंडल के पदाधिकारी प्रणीत जैन एवं अन्य श्रद्धालु भी पूजन में शामिल होंगे।


### निधन

### सुधा सक्सेना

**रायपुर, 16 सितम्बर।** एमआर कालोनी, टैगोर नगर निवासी सुधा सक्सेना का आज सुबह साढ़े आठ बजे निधन हो गया। वे वीरेन्द्र कुमार सक्सेना की बहन थीं। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास डी-268 एमआर कालोनी, टैगोर नगर से दोपहर 2.30 बजे, राजेन्द्र नगर शमशान गृह के लिए निकली, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।



# रायपुर एम्स का एआई डॉक्टर, कुछ सेकंड में बता रहा हार्ट अटैक का खतरा



**रायपुर, 16 सितम्बर।** इमरजेंसी वार्ड में अचानक सीने में दर्द से तड़पता मरीज आता है. डॉक्टर ईसीजी मशीन जोड़ते हैं और टैबलेट पर एक वेबपेज खोलते हैं. महज 60 सेकंड बाद स्क्रीन चमक उठती है-'हार्ट अटैक का खतरा है, तुरंत ये दवा दें.' यह किसी साइंस फिक्शन फिल्म का सीन नहीं, बल्कि रायपुर एम्स की नई मेडिकल क्रांति है.

एम्स के ट्रॉमा-इमरजेंसी विभाग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित इंटेलिजेंट इमरजेंसी केयर सिस्टम (आईईसीएस) तैयार किया है, जो मिनट भर में मरीज के हार्ट रिस्क का पता लगा लेता है. एक साल में 20 हजार मरीजों पर ट्रायल में यह सिस्टम 90 फीसदी मामलों में बिल्कुल सटीक साबित हुआ है. इस सिस्टम की महज 1 से 2 मिनट में यह पता लगाना संभव हो गया है कि अस्पताल में आये मरीज के सीने में हो रहे दर्द का जोखिम कितना है और उसके लिए कौन सी दवा उपयुक्त रहेगी.

**28 साल का मरीज भी आया सामने :** इस ट्रायल में सबसे कम उम्र का मरीज सिर्फ 28 साल का निकला. आंकड़े बताते हैं कि 20 हजार मरीजों में से 60 फीसदी 28 से 35 साल के युवा थे. एम्स के एक कार्डियोलॉजिस्ट के मुताबिक- 'यह एक अलार्म है. दिल की बीमारियां अब बूढ़े नहीं, बल्कि युवाओं को तेजी से जकड़ रही हैं. समाज को जागरूक होना ही पड़ेगा.'

**गांव-गांव पहुंचेगा 'डिजिटल कार्डियोलॉजिस्ट':** एम्स के डॉक्टर बताते हैं- 'हम इस सिस्टम को और बेहतर करने के बाद छत्तीसगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक ले जाने की तैयारी कर रहे हैं. वहां का डॉक्टर लॉगिन करेगा और सीधे एम्स रायपुर के 10 विशेषज्ञों से जुड़ जाएगा. ईसीजी रिपोर्ट और वीडियो कॉलिंग के जरिये सिस्टम मरीज का रिस्क बताएगा और तुरंत दवा तय हो जाएगी.' इससे सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि गांव में बैठे मरीज को भी डिजिटल कार्डियोलॉजिस्ट की सुविधा मिल जाएगी. इससे हार्ट अटैक के शुरुआती दौर में ही मरीज की जान बचाने की संभावना कई गुना बढ़ जाएगी.

#### इस सिस्टम से इलाज के तरीकों में आएंगे बड़े बदलाव

- » तेज इलाज इमरजेंसी में मिनटों में मरीज का रिस्क पकड़ कर गोल्डन आवर में जान बचाने की संभावना कई गुना बढ़ जाएगी.
- » गांव-गांव सुविधा - सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टर भी सीधे एम्स के विशेषज्ञों से जुड़ सकेंगे.
- » डिजिटल कार्डियोलॉजिस्ट मौके पर स्पेशलिस्ट न होने पर भी सही दवा और प्राथमिक इलाज तय हो जाएगा.
- » युवाओं को चेतावनी 28-35 साल के मरीजों में बढ़ते हार्ट अटैक के खतरे को जल्दी पहचानकर रोकथाम संभव होगी.
- » टेक्नोलॉजी पर भरोसा आईआईटी और केंद्र सरकार की निगरानी से सिस्टम लगातार अपडेट होता रहेगा.

#### ऐसे करता है काम

मरीज का ईसीजी, ब्लड प्रेशर और पल्स रेट तुरंत सिस्टम में डाला जाता है. डॉक्टर को मरीज के लक्षणों से संबंधित करीब 10 सवालों के जवाब दर्ज करने होते हैं. इसके बद सिस्टम रिस्क फैक्टर की रिपोर्ट निकाल देता है और इलाज का अगला कदम तय हो जाता है. जब मौके पर कार्डियोलॉजिस्ट मौजूद नहीं होता, तब यह तकनीक जीवनरक्षक साबित होती है.

# एनएचएम कर्मियों पर सरकार की चेतावनी का असर नहीं

## वापस नहीं लौटे कर्मी, हड़ताल जारी, कांग्रेस बोली- एनएचएम कर्मचारियों की मांग जायज

**रायपुर, 16 सितम्बर।** स्वास्थ्य विभाग ने हड़ताल पर बैठे एनएचएमसंविदा कर्मचारियों को चेतावनी दी है। उनसे कहा है कि वे आज यानी मंगलवार तक काम पर लौट आएं। अगर कर्मचारी वापस नहीं लौटते तो 16,000 सीटें शुन्य मान ली जाएगी और कर्मचारियों को नोटिस देकर नौकरी से निकाला जाएगा।

वही सरकार के आदेश के बाद भी कर्मचारियों को स्ट्राइक जारी है। सरकार की चेतावनी का असर हड़ताल करने वाले कर्मचारियों पर नहीं हुआ है। बता दे की एनएचएम कर्मियों के हड़ताल को 27 दिन से अधिक होने जा रहे हैं। लेकिन सरकार ने 10 में से एक भी मांग लिखित में पूरी नहीं की है।

**कांग्रेस बोली झूठा वादा क्यों किया गया:** कांग्रेस संचार विभाग प्रमुख की सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों की मांग बिल्कुल जायज है, लेकिन सरकार उनके साथ अन्याय कर रही है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के बजाय उन्हें बर्खास्तगी करने की चेतावनी दी जा रही है।

भाजपा ने 2023 के विधानसभा चुनाव में एनएचएम कर्मचारियों से वादा किया था कि उनकी नौकरी नियमित की जाएगी और उनकी समस्याओं का समाधान होगा। यह वादा प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी का हिस्सा था। सवाल यह है कि जब वादा निभाना ही नहीं था, तो झूठा वादा क्यों किया गया? साफहै कि भाजपा सरकार अपने ही चुनावी वादों से मुकर रही है।

**केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार का मामला कहा दिया है:** सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार ने भी स्पष्ट कर दिया है कि एनएचएम कर्मचारियों का नियमितीकरण राज्य सरकार का विषय है, यानी अधिकार राज्य सरकार के पास है। फिर इस 'डबल इंजन' की सरकार को दिक्कत क्या है?

हम साफ चेतावनी देना चाहते हैं कि यदि किसी भी एनएचएम कर्मचारी को प्रताड़ित किया गया या जबरन दबाव बनाया गया तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर इसका कड़ा विरोध करेगी। कांग्रेस पार्टी एनएचएम कर्मचारियों की लड़ाई में उनके साथ मजबूती से खड़ी है।



#### समाधान निकालने के बजाय सरकार दमन का रास्ता अपना रही

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से देर शाम एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मुझे लगता है कि कर्मचारियों से बातचीत करने और उनकी मांगों का समाधान निकालने के बजाय सरकार दमन का रास्ता अपना रही है। यह रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे सभी सरकारी कर्मचारियों में गलत संदेश जाएगा। यही भाजपा सरकार का असली चेहरा है, जो संवाद की जगह दबाव और डर की राजनीति कर रही है।

हालांकि सरकार की इस सख्ती का कोई असर संविदा कर्मचारियों पर दिख नहीं रहा है। कर्मचारियों न सोमवार को रायपुर के तुता धरना स्थल पर रोजगार मेला लगाया। इस मौके पर अपना विरोध दिखाने के लिए किसी कर्मचारी ने गुपचुप का ठेला लगाया, तो किसी ने भेलपुरी का। कुछ फरा और चीला बेचते हुए भी नजर आए।

# बीजेपी सोशल मीडिया के निशाने पर भूपेश-बैज

**रायपुर, 16 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में सोशल मीडिया अब सबसे बड़ा अखाड़ा बन गया है। बीजेपी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगातार वीडियो और पोस्ट शेयर करना शुरू कर दिया है।

इन पोस्ट में दोनों नेताओं के कार्यकाल और बयानों को लेकर व्यंग्य किया गया है। बीजेपी का दावा है कि जनता अब कांग्रेस की कथनी और करनी का फर्क साफदेख रही है। बीजेपी आईटी सेल की ओर से जारी एक वीडियो में भूपेश बघेल को किसानों और युवाओं से किए वादों पर घेरा गया है।

### दीपक बैज का कार्टून

वहीं, दीपक बैज के बयानों पर कार्टून बनाकर उन पर टिप्पणी की गई। दीपक बैज का कार्टून बीजेपी की आईटी सेल ने जारी किया है। उसमें कांग्रेस के प्रदेश के नेताओं के अलावा राष्ट्रीय नेताओं का नाम भी लिखा है।

बीजेपी आईटी सेल के पोस्ट पर कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय ने पलटवार कर कहा कि, भाजपा जो राजनीति में शुचिता का पाठ पढ़ाती है, उसकी पोल खुल गई है। भाजपा की आईटी सेल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के परिजनों के खिलाफ अपमानित जनक पोस्ट और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर रही है। इस मामले में कांग्रेस जल्द एफआईआर कराएगी। अब देखना यह है, कि भाजपा शासन में कानून सहयोग करता है, कि नहीं। जिस तरह से बीजेपी के नेताओं की शिकायत पर एफआईआर हुई, उसी तरह से कांग्रेस की शिकायत पर एफआईआर होनी चाहिए।



- भाजपा बोली- जनता देख रही कांग्रेस की कथनी-करनी का फर्क, कांग्रेस नेता बोले- करवाएंगे एफआईआर

### प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब : सुशील



कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष कांग्रेस सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो चुकी है। सरकार पूरी तरीके से लचर है। यही वजह है कि अपराधों की संख्या बढ़ रही है नशे की पार्टी हो यूथ पार्टी हो हत्या हो इन सबके पीछे सरकार की विफलताएं है। गृहमंत्री लाचार साबित हो रहे हैं। इसलिए इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं। अपराधियों को सत्ता पक्ष का संरक्षण भी है।

### कांग्रेस बेरोजगार, उनके पास कोई मुद्दा नहीं : चंद्राकर



बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर का कहना है कि प्रदेश में कांग्रेस बेरोजगार है। उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस और क्षेत्रिय पार्टियों के कारण देश खतरे में है।

### बलरामपुर एसडीओपी पर दुष्कर्म का केस दर्ज किराए पर रहने वाली महिला ने लगाया आरोप

**रायपुर, 16 सितम्बर।** बलरामपुर जिले में पदस्थ एसडीओपी के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज होने का मामला सामने आया है। सरगुजा में केस दर्ज कर मामले को रायपुर भेज दिया गया है। एसडीओपी के खिलाफ दर्ज किए गए अपराध की पुष्टि आईजी सरगुजा ने की है। बलरामपुर जिले में पदस्थ एसडीओपी याकूब मेमन के खिलाफ महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। महिला रायपुर की रहने वाली है और रायपुर में शिकायत की सुनवाई नहीं होने पर उसने सरगुजा रेंज के आईजी दीपक झा से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। सूत्रों के अनुसार महिला एसडीओपी याकूब मेमन के नया रायपुर स्थित निवास में किराए में रहती है और कुछ दिनों पहले देर रात उसने आईजी के पास पहुंचकर अपनी व्यथा बताई। इसके साथ ही महिला ने एसडीओपी पर अश्लील वीडियो बनाने का भी आरोप लगाया है।

**सरगुजा में शून्य पर केस दर्ज, रायपुर में होगी जांच:** जिसके बाद आईजी दीपक झा के निर्देश पर 14 सितंबर को पुलिस ने एसडीओपी के खिलाफशून्य पर अपराध दर्ज कर रायपुर भेज दिया है। जहां इस एफआईआर को नम्बर कर जांच और आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले में आईजी सरगुजा दीपक झा ने बताया कि महिला की शिकायत के बाद एसडीओपी के खिलाफ शून्य पर अपराध कायम किया गया और रायपुर भेज दिया गया है। प्रकरण की नम्बरी रायपुर में करने के साथ ही जांच कार्रवाई की जाएगी।

### बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र, मौसम विज्ञान केंद्र ने जारी किया ऑरेंज-येलो अलर्ट

# रायपुर-बीजापुर सहित कई जिलों में 3 दिनों तक होगी बारिश

**रायपुर, 16 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में मानसूनी गतिविधियां एक बार फिर तेज हो गई हैं। पिछले 24 घंटों में कई जिलों में झमाझम बारिश हुई है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र और चक्रवाती परिसंचरण के असर से प्रदेश में अगले तीन दिनों तक गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई गई है।

**मानसून की सक्रियता:** उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा के तटीय क्षेत्रों में निम्न दबाव का क्षेत्र बना है। इसके चलते छत्तीसगढ़ में मानसूनी गतिविधियों में तेजी आई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 24 घंटों के लिए कई जिलों में अलर्ट जारी किया है।



**वेदर सिस्टम का प्रभाव:** मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी-पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी से जुड़े चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित हैं। यह सिस्टम अगले दो दिनों में दक्षिण ओडिशा, उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिण छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ेगा। इसके अलावा, एक मानसूनी ट्रफश्रीगंगानगर, रोहतक, सिवनी और राजनांदगांव से होकर गुजर रही है।

ऑरेंज अलर्ट नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, बालोद, राजनांदगांव, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर में भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना।

**येलो अलर्ट:** धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, जांजगीर-चांपा, दुर्ग और मुंगेली जिलों में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश का पूर्वानुमान।पिछले 24 घंटों में बस्तर संभाग के सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर और बस्तर जिले में अच्छी बारिश दर्ज की गई। राजधानी रायपुर, दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव में भी झमाझम बारिश हुई।

#### अगले तीन दिन का पूर्वानुमान

अगले तीन दिनों तक छत्तीसगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहेगी। कई जगहों पर गरज-चमक, आकाशीय बिजली और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। रायपुर में आज आसमान बादलों से घिरा रहेगा और दिन में रुक-रुक कर बारिश की संभावना है।

### छग से पुणे जाने और आने के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन



**रायपुर, 16 सितम्बर।** छठ पूजा के अवसर पर रेल यात्रियों की सुविधा और अधिकतम कन्फर्म बर्थ/सीट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने बिलासपुर और हडपसर (पुणे) के बीच एक फेरे के लिए छठ पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. ट्रेन नंबर 08265 (बिलासपुर-हडपसर) और 08266 (हडपसर-बिलासपुर) के बीच चलेगी. ट्रेन में कुल 20 कोच होंगे, जिनमें 02 एसएलआर (सामान यान), 03 सामान्य श्रेणी, 04 शयनयान (स्लीपर), 08 एसी-थ्री, 02 एसी-थ्री इकोनॉमी और 01 एसी-टू कोच होगी. ये ट्रेन 22 अक्टूबर 2025 को बिलासपुर से और ट्रेन नंबर 08266 (हडपसर-बिलासपुर) यह ट्रेन 23 अक्टूबर 2025 को हडपसर से रवाना होगी।

**विवादास्पद बयान** | **विधायक-मंत्री मेरे सामने कुछ नहीं, खड़े कर देख लीजिएगा किसे ज्यादा नमस्कार होगा के बयान पर**

# अग्रवाल सफाई में बोले- कांग्रेसियों के लिए कही थी

**रायपुर, 16 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में भाजपा कार्यकर्ता और समाजसेवी बसंत अग्रवाल के मंत्री-विधायकों को लेकर दिए गए उनके बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह कहते नजर आ रहे हैं कि विधायक मेरे सामने कुछ नहीं लगते, देख लीजिएगा किसे ज्यादा नमस्कार होता है।

हालांकि अब बसंत अग्रवाल ने इस पर सफाई दी है कि उनका बयान कांग्रेस के विधायक-मंत्रियों को लेकर था, न कि भाजपा नेताओं के लिए।

दरअसल, रायपुर में रविवार (14 सितंबर) को बसंत अग्रवाल ने बागेश्वर धाम पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इस दौरान मंत्री और विधायकों को लेकर उन्होंने ये बातें कही।

बता दें कि बसंत अग्रवाल ने 2023 विधानसभा चुनाव में रायपुर पश्चिम से टिकट की दावेदारी पेश की थी। लेकिन भाजपा ने सीनियर नेता राजेश मूणत को चुनावी मैदान में उतारा था। मूणत ने जीत भी दर्ज की। वहीं बसंत अग्रवाल ने बाद में कहा कि ये बात उन्होंने कांग्रेस के विधायक-मंत्रियों के लिए कही थी। अब इस रिपोर्ट में विस्तार से पढ़िए बसंत अग्रवाल ने क्या-क्या कहा था:- बसंत अग्रवाल के आगे विधायक कहीं नहीं लगता है। जो धर्म का काम करता है, समाज उसे सबसे आगे रखता है। समाज उसके लिए हमेशा आगे रहता है। आप एक तरफ मंत्री और दूसरे तरफ बसंत अग्रवाल को खड़े कर दीजिए। नमस्कार या राम राम कहां ज्यादा होगी और क्यों होगी, इसका कारण बसंत अग्रवाल नहीं सिर्फ धर्म है। कोई भी कपड़ा किसी से बंधा हुआ नहीं है। कोई भी विचार किसी से बंधा हुआ नहीं है। मैं धर्म का काम करता हूं। मैं भगवा चोला पहनू यह जरूरी नहीं। बिना भगवा चोला पहने भी बसंत अग्रवाल वह कर रहा है जो लोग नहीं कर पा रहे।

**4 से 8 अक्टूबर तक होगा आयोजन:** भाजपा कार्यकर्ता अग्रवाल ने बताया कि गुढियारी में दिवंगत पुरुषोत्तम अग्रवाल स्मृति फाउंडेशन के देखरेख में हनुमत कथा का आयोजन 4 से 8 अक्टूबर तक होगा। इसमें बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री आएंगे। आयोजन के लिए तैयारी की जा रही है। ?पंडित धीरेंद्र शास्त्री की कथा के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ने की कोशिश की जाएगी।

**13 हजार नए सदस्य जोड़े थे:** बसंत अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के महा-सदस्यता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कार्यकर्ता बसंत अग्रवाल को सदस्यता रत्न से सम्मानित किया था। जानकारी के मुताबिक बसंत अग्रवाल ने 13 हजार नए सदस्य जोड़े थे।



*बसंत अग्रवाल ने अपने बयान को लेकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी धर्म का काम करने वाली एकमात्र पार्टी है, जिसका मैं सच्चा सिपाही हूं। जितने भी मंत्री और विधायकों की बात हो रही है, वह कांग्रेस के मंत्री-विधायकों की बात हो रही है।*

#### विवादों के कारण पहले बीजेपी ने किया था निष्कासित

बसंत अग्रवाल के खिलाफ बीजेपी कार्रवाई भी कर चुकी है। 7 साल पहले बेमेतरा में हुई एक सभा में बीजेपी नेता लाभचंद बाफना से बसंत अग्रवाल भिड़ गए थे। भाजपा नेता बाफना ने इसकी शिकायत बीजेपी के आला नेताओं से की थी। पूरे मामले की जांच के बाद तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बसंत अग्रवाल को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। उस दौरान बसंत अग्रवाल पर विवाद का वीडियो जारी करने और पार्टी के खिलाफ काम करने का आरोप लगा था।

# नवरात्रि व गरबा उत्सव को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाई, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

**रायपुर, 16 सितम्बर।** रायपुर में आगामी नवरात्रि और गरबा उत्सव को देखते हुए जिला प्रशासन ने दुर्गोत्सव समितियों के साथ बैठक आयोजित की, जिसमें सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से जुड़े कई अहम निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया कि इस दौरान डीजे के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग केवल निर्धारित सीमा के भीतर और धीमी आवाज़ में ही किया जा सकेगा, ताकि ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखा जा सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि पंडाल केवल प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर ही लगाए जाएंगे और हर पंडाल में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। आयोजन में किसी भी तरह की ऐसी प्रतिमा या प्रदर्शनी की अनुमति नहीं दी जाएगी, जिससे किसी धर्म या समुदाय की भावना को ठेस पहुंचे। दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी महादेव घाट पर ही किया जाएगा। विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार के हथियार या आग्नेयास्त्र लाने पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। सभी आयोजन समितियों को स्वयंसेवकों की नियुक्ति करनी होगी ताकि ट्रैफिक और भीड़ नियंत्रण में मदद मिल सके। प्रशासन ने आयोजकों को यह भी निर्देश दिया है कि आयोजन की अनुमति नगर निगम से अनिवार्य रूप से लेनी होगी, और कार्यक्रम से कम से कम सात दिन पहले संबंधित जोन कार्यालय में आवेदन जमा करना जरूरी होगा। इसके अलावा बिजली विभाग, अग्निशमन विभाग और स्थानीय थाना प्रभारी से भी अनुमति प्राप्त करनी होगी।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26